●वर्ष : 16 ●अंक : 293 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शनिवार 15 फरवरी 2025

# अगले हफ्ते नए मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा संभव!

## पीएम की अध्यक्षता में होगी चयन समिति की बैठक

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के नाम को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति अगले सप्ताह की शुरूआत में बैठक कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की 18 फरवरी को सेवानिवृत्ति से पहले समिति की बैठक रविवार या सोमवार को हो सकती है। यह खोज समिति एक नाम की सिफारिश करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 25 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अब तक सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को ही मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया जाता था। हालांकि, पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों पर एक नया कानून लागू हुआ। इसके तहत एक खोज समिति ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्ट लिस्ट किया था, ताकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली समिति उन पर विचार कर सके।




## ज्वलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करें

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## सार संक्षेप

### अमरीका ने मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदला

**(वाशिंगटन).** फ्लोरिडा से टैक्सास होते हुए मैक्सिको तक फैले जल निकाय का नाम अमरीका ने 'मैक्सिको की खाड़ी' से बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' रखने का फैसला किया है और वह अन्य देशों पर भी ऐसा ही करने का दबाव बना रहा है। अमरीका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाऊस' की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, 'यह सच है कि लुइसियाना के तट के पास के जल निकाय को 'अमेरिका की खाड़ी' कहा जाएगा।

### तेजस्वी सूर्या ने एचएएल के स्वदेशी बुनियादी प्रशिक्षण विमान में उड़ान भरी




**(बेंगलुरु).** भाजपा के सांसद तेजस्वी सूर्या ने यहां जारी 'एयरो इंडिया-2025' के दौरान भारत के स्वदेशी बुनियादी प्रशिक्षण विमान एचटीटी-40 में वीरवार को उड़ान भरी। सूर्या ने 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) द्वारा डिजाइन और निर्मित विमान में 30 मिनट तक सवारी की। भाजपा सांसद ने मीडिया से बातचीत में एचएएल की सराहना की और इसे बेंगलुरु एवं भारत का गौरव तथा भारत की वैमानिकी प्रगति का प्रतीक बताया।

### आतंकी संगठन अंसारुल्ला बांग्ला टीम का प्रमुख सदस्य चेन्नई से गिरफ्तार

**(गुवाहाटी).** असम के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु पुलिस के सहयोग से चेन्नई में अंसारुल्ला बांग्ला टीम (एबीटी) और जमात-उल-मुजाहिद्दीन (जेएएम) के एक प्रमुख आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। 'आप्रेशन प्रघात' का नेतृत्व एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक सत्येंद्र सिंह हजारी ने किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान असम के धुबरी जिले के बिलासीपारा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत खुदीगांव भाग-2 के निवासी अबू सलाम अली के रूप में हुई है।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का दान बना रहा हर दिन नया रिकार्ड

**(वाराणसी).** काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए जा रहा दान आए दिन नया रिकार्ड बना रहा हैं। श्रद्धालुओं ने मंदिर की हुंडी में अब तक 7 करोड़ रुपए से अधिक का दान दिया है। हालांकि, कुछ हुंडियों और सोने-चांदी के दान की गिनती बाकी है, लेकिन इस आंकड़े के साथ ही यह एक नया रिकार्ड स्थापित हुआ है। मंदिर प्रशासन ने महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी टिकटों पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा से हुंडी में दान दिया, जिससे मंदिर की आय में भी वृद्धि हुई है।



### कोच्चि एयरपोर्ट पर लुधियाना के व्यक्ति से 16 किलो गांजा बरामद

**(कोच्चि).** केरल के कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 16 किलोग्राम गांजे की तस्करी करने के प्रयास में पंजाब के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने वीरवार को इसकी जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि कोच्चि के एयर कस्टम्स ने लुधियाना निवासी बलविंदर सिंह नेगी से लगभग 15.9 किलोग्राम गांजा जब्त किया। वह बैंकॉक से रात 11.09 बजे उड़ान संख्या टीजी 347 से एक बैग में प्रतिबंधित पदार्थ लेकर आया था।

## पीएम मोदी ने अमरीकी खुफिया प्रमुख गबार्ड से की मुलाकात, 'भारत-अमरीका की मित्रता' पर हुई चर्चा

नूना न्यूज एजेंसी।

वाशिंगटन, फरवरी : अमरीका पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली औपचारिक आधिकारिक बैठक में अमरीका के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। बुधवार को तुलसी गबार्ड को अमरीका की डायरैक्टर ऑफ नैशनल इंटैलीजैंस बनाए जाने की पुष्टि की गई।

बुधवार रात बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। भारत-अमरीका मित्रता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वह हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं।' बुधवार को सीनेट में देश की शीर्ष खुफिया पद के लिए हुए मतदान में गबार्ड ने जीत हासिल की और प्रधानमंत्री मोदी से मिलने से कुछ घंटे पहले ही शपथ ली। उन्हें 52 वोट मिले। केवल एक रिपब्लिकन सीनेटर मिच मैककोनेल ने डैमोक्रेट्स के साथ मिलकर उनके खिलाफ वोट किया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करती हुई तुलसी गबार्ड।

## भारत के 119निर्वासितों को लेकर 15 फरवरी को अमृतसर पहुंच सकता है अमेरिकी विमान

**अमृतसर।** भारत के 119 अवैध प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी विमान 15 फरवरी को अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंच सकता है। पिछले महीने डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से भारत निर्वासित किए जाने वाले व्यक्तियों का यह दूसरा समूह होगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, विमान के शनिवार रात करीब 10 बजे हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 119 अवैध भारतीय प्रवासियों में पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान के दो-दो और हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर का एक-एक व्यक्ति शामिल है। निर्वासित लोगों को लेकर एक अन्य अमेरिकी विमान भी 16 फरवरी को पहुंचने की उम्मीद है। कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचा था, जिनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से तथा 30 पंजाब से थे।

## केंद्र सरकार ने दलाई लामा को जैड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की

### सीआरपीएफ के लगभग 30 कमांडो की एक टीम अलग-अलग पालियों में करेगी काम


दलाई लामा

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली, फरवरी : केंद्र ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को संभावित सुरक्षा खतरों के मद्देनजर 'जैड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ की वीआईपी सुरक्षा शाखा को 89 वर्षीय आध्यात्मिक नेता की सुरक्षा का

### संबित पात्रा को भी 'जैड' श्रेणी की सुरक्षा

**सूत्रों** ने बताया कि इसी तरह के एक कदम के तहत, गृह मंत्रालय ने मणिपुर में भाजपा नेता संबित पात्रा को 'जैड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। पुरी से सांसद पात्रा राज्य में पार्टी मामलों के प्रभारी हैं, जहां पिछले कई महीने से जातीय हिंसा का दौर जारी है।

## हरियाणा में अब कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के आधार पर लगेगा एकमुश्त शुल्क, मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

### कोल्ड स्टोरेज संचालकों के अनुरोध को मानते हुए सरकार ने दरों में किया संशोधन

नूना न्यूज एजेंसी।


नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़, फरवरी : हरियाणा सरकार ने प्रदेश में संचालित कोल्ड स्टोरेजों की क्षमता के आधार पर एकमुश्त शुल्क की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया है। अब 2000 मीट्रिक टन तक या इससे कम क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज पर 35000 रुपए प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। इसी प्रकार 2001-5000 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज पर 55000 रुपए प्रति कोल्ड स्टोरेज और 5001 मीट्रिक टन या इससे अधिक क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज पर 70000 रुपए प्रति कोल्ड की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस संबंध में स्वीकृति प्रदान की है। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार की मौजूदा अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में कोल्ड स्टोरेज पर 70000 रुपए प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से एकमुश्त शुल्क का भुगतान करना पड़ता है।

> **2000 मीट्रिक टन तक या इससे कम क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज पर 35000 रुपए प्रति कोल्ड स्टोरेज की दर से लगेगा शुल्क**

गत दिनों कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर छोटे कोल्ड स्टोरेज संचालकों को राहत देने का अनुरोध किया था।

## संसद के बजट सत्र का पहला चरण संपन्न, अगली बैठक 10 मार्च को

### अगले चरण में विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर संसद की स्थायी समितियां विचार करेंगी

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली, फरवरी : संसद के बजट सत्र का पहला चरण वीरवार को संपन्न हो गया और दोनों सदनों की बैठक 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वीरवार को राज्यसभा में आम बजट 2025-26 पर चर्चा का जवाव दिया और इसी के साथ संसद में बजट पारित करने का पहला चरण पूरा हो गया। उनके जवाब के बाद उपसभापति हरिवंश ने उच्च सदन को 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया। लोकसभा की बैठक दिन में पहले ही 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन में कामकाज पर खुशी जताते हुए कहा कि कार्य उत्पादकता लगभग 112 प्रतिशत रही। वित्त मंत्री ने 1 फरवरी को लोकसभा में आम बजट 2025-26 पेश किया था। इसके बाद संसद के दोनों सदनों में आम बजट पर चर्चा हुई। लोकसभा में वित्त मंत्री ने बजट चर्चा का जवाब मंगलवार को दिया था।

## तुर्की के राष्ट्रपति का भारत और पाक से बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को सुलझाने का आग्रह

नूना न्यूज एजेंसी।

इस्लामाबाद, फरवरी : तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने वीरवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए जिसमें कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं पर उचित विचार किया जाना चाहिए। 2 दिवसीय यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे राष्ट्रपति एर्दोआन ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ आमने-सामने की वार्ता और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद यह टिप्पणी की। दोनों पक्षों के बीच 24 समझौतों समेत एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इसके बाद एर्दोआन ने मीडिया


समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के दौरान तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन व पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ।

## महंत सत्येंद्र दास को सरयू तट पर जल समाधि दी गई

### दोपहर बाद सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को रथ पर रखकर नगर भ्रमण कराया गया

नूना न्यूज एजेंसी।

अयोध्या, फरवरी : अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दिवंगत मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास को वीरवार को शाम जल समाधि दी गई। आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को पालकी में रखकर उनके निवास स्थान से सरयू नदी के तट पर ले जाया गया, जहां तुलसीदास घाट पर उन्हें जल समाधि दी गई। इससे पहले दोपहर बाद सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को रथ पर रखकर नगर भ्रमण कराया गया।

उनके उत्तराधिकारी प्रदीप दास ने बताया था कि रामानंदी संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार दास को जल समाधि दी जाएगी। उन्होंने कहा था कि उनके पार्थिव शरीर को


आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को रथ पर रखकर नगर भ्रमण कराते मंदिर के सदस्य।

## एमवीए में सब ठीक नहीं? दिल्ली में राहुल गांधी और केजरीवाल से मिले आदित्य ठाकरे, पवार से बनाई दूरी

### महाराष्ट्र चुनावों में एमवीए की हार और दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की हार के बीच समानताएं भी बताईं

नूना न्यूज एजेंसी।


नई दिल्ली, फरवरी : दिल्ली के एक कार्यक्रम में शरद पवार ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को सम्मानित किया, जिसके बाद शिवसेना (यूबीटी) में विवाद पैदा हो गया। शिवसेना ने शरद पवार की आलोचना की और अब आदित्य ठाकरे ने दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। हालांकि, इस दौरान उन्होंने शरद पवार से मुलाकात नहीं की, जबकि वे भी दिल्ली में ही थे। इसकी वजह से सवाल खड़े होने लगे हैं कि क्या एमवीए में सब कुछ ठीक है? आखिर दिल्ली में शरद पवार के होने के बाद भी ठाकरे ने उनसे दूरी क्यों बनाई। ठाकरे ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी सवाल उठाए।

बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राऊत ने दिल्ली में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन से पहले एक गैर-सरकारी संगठन सरहद द्वारा आयोजित एक समारोह में शिंदे को सम्मानित करने और उनकी प्रशंसा करने के लिए पवार की आलोचना की थी। पवार साहित्य सम्मेलन की स्वागत समिति के प्रमुख हैं, जो एक वार्षिक साहित्यिक बैठक है, जो इस साल 21 से 23 फरवरी तक दिल्ली में आयोजित की जा रही है। ठाकरे गुट की पवार की तीखी आलोचना ने महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) को हैरान कर दिया, जो 3 विपक्षी दलों- शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) का गठबंधन है। जहां शिंदे के नेतृत्व वाली सेना ने पवार


अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के दौरान उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हुए आदित्य ठाकरे।

## खिड़कियाँ खुली रखो

– डॉ.जया शुक्ला



आज वैलेन्टाइन डे है, प्रेम का प्रतीक दिवस। सेंट वैलेन्टाइन ईश्वर के प्रति अपने पवित्र प्रेम के विरोधमैं तत्कालीन नरेश द्वारा मारे गये। प्यार का सही अर्थ नहीँ समझ कर हमारे ही देश मैं सिरफिरे नासमझ तत्वौं ने कुछ वर्ष पहले निरीह लोगौं पर तथाकथित संस्कार के नाम पर बेहद अत्याचार भी किए। आज देश मैं निहित स्वार्थी तत्वौं द्वारा बेइन्तिहा फैलाई जाती नफरत के बाजार मैं मुहब्बत की दूकान चलाई जा रही है। किसी भी समाज के लिये यही मुहब्बत की दूकानजरूरी है। निम्न पंक्तियाँ वैलेन्टाइन डे को समर्पित --

दरवाजे मत भेड़ो, खिड़कियाँ खुली रखो,
ताजी बयारौं के झौंकौं को छू तो लो;
नई कौंपलौं की मुलायमियत छू लेगी,
दरवाजे मत भेड़ो, खिड़कियाँ खुली रखो !
घर के सहन मैं बागीचा लगाया था,
भाँति भाँति के दरख़्त सजाये थे,
सुन्दर सुगन्धित बीजौं को मिलाजुला,
नई नई नस्लौं के पौधे बनाए थे।
नई पौध उगती है, नये रंग आतेहैं,
नए नए फूलौं की कलियाँ चटकाते हैं,
इन नई खुशबुओं को तुमभी महसूस करो,
दरवाजे मत भेड़ो, खिड़कियाँ खुली रखो !
माना कि तुम इस सुगन्धसे अपरिचित हो,
हवा मैं घुलते मधुकणौं से चिन्तित हो,
सोचते हो वह पुरानी गन्ध गुम जायेगी?
हवा की पहचानी प्राणवायु थम जायेगी?
यह पौध भी तो इसी मिट्टी से उपजी है,
इसीकी सौंधी महक इन सुगन्धौं मैं निखरी है,
इनकी जड़ौंकी गहराइयाँ कुबूल करो,
दरवाजे मत भेड़ो, खिड़कियाँ खुली रखो !
फूलौंको खिलनेदो, खुशबुएँ बिखरने दो ,
देखो को सही नया रंग कैसा आएगा,
समय से पहले हृदयहीन हो उखाड़ो मत,
क्या पता इनसे नन्दनकानन उग आयेगा!
उखाड़ोगे फूल तो उजाड़ बन जायेगा,
उगेँगी नागफनी, हवा मैं जहर आयेगा,
बन्द खिड़कियौंकी घुटन से अब मुक्त करो,
दरवाजे मत भेड़ो, खिड़कियाँ खुली रखो !

## देश में सवाल पूछो तो चुप्पी विदेश में पूछो तो निजी मामला!



**दिल्ली।** अमेरिका में भी मोदी जी ने अडानी जी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया! जब मित्र का जेब भरना मोदी जी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है।

# वक्फ संशोधन विधेयक संवैधानिक अधिकारों का हनन : अरशद मदनी

नई दिल्ली फरवरी : जमीयत उलेमा के अध्यक्ष ने वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि आज संसद द्वारा पारित किया गया था और दुर्भाग्यपूर्ण सच्चाई अब सामने आ गई है कि सरकार में शामिल खुद को धर्मनिरपेक्ष कहने वाली पार्टियों ने भी कायरता और स्वार्थ दिखाया है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित के बारे में जमीयत उलेमा के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि आज संसद द्वारा पारित किया गया था। मौलाना मदनी ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण



सच्चाई अब सामने आ गई है कि सरकार में शामिल खुद को धर्मनिरपेक्ष कहने वाली पार्टियों ने भी कायरता और स्वार्थ दिखाया है। उन्होंने मुसलमानों की चिंताओं को पूरी तरह से नजरअंदाज किया और सरकार पर कोई दबाव नहीं डाला। अगर उन्होंने वाकई दबाव डाला होता तो संसदीय समिति की रिपोर्ट कुछ और होती।

मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि नए संशोधन में कलैक्टर को यह याद रखने के लिए कहा जाएगा कि यह एक आधिकारिक संपत्ति है। भले ही पचास वर्षों तक रिपोर्ट प्राप्त न हुई हो, बंदोबस्ती पर कभी किसी संस्था द्वारा दावा नहीं किया गया है। यह जोड़ा गया है कि सरकार ही निर्णय लेने वाली होगी, लेकिन जिन संपत्तियों पर बंदोबस्ती निहित है और अन्य आवेदन किए गए हैं। संशोधनों में भी यही दिया गया है, लेकिन अब अधिकारी को जांच करने का अधिकार दिया गया है, जिसे निर्णय नहीं माना जाएगा, जैसे कि उपयोग के संदर्भ में कोई विवाद नहीं है और सरकार या इस तीसरे पक्ष ने चालाकी से इस मामले को इसमें जोड़ दिया, आदि। उनकी स्थिति को मान्यता दी जानी चाहिए। उन पर 123 आवेदन हैं, और उन पर मुकदमा चल रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार को चेताया कि अभी भी मौका है कि इस कानून को संसद में पारित होने से रोका जाए और इसका पूरी तरह से विरोध किया जाए। इन राजनीतिक दलों को यह भूल जाना चाहिए कि उनकी राजनीतिक सफलता के पीछे मुसलमान भी हैं। उन्होंने कहा कि अगर खुदा न खास्ता यह कानून पारित हो गया तो जमीयत उलेमा-ए-हिंद इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। साथ ही जमीयत उलेमा-ए-हिंद अन्य अल्पसंख्यकों और इंसाफ पसंद लोगों के साथ मिलकर वक्फ संपत्तियों को बचाने के लिए सभी लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करेगी।

## रेलवे की विशेष तैयारी : महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन जारी

नई दिल्ली, फरवरी : महाकुंभ मेले के दौरान रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार 13 फरवरी दोपहर 3 बजे तक 177 विशेष गाड़ियां चलाई जा चुकी हैं, जिनमें 7.31 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। 12 फरवरी 2025, बुधवार को रेलवे ने 353 ट्रेनों का संचालन किया, जिससे 17.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिली। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे लगातार अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था कर रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण और यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त टिकट काउंटर, हैल्प डैस्क और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। वहीं, यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल, चिकित्सा सेवाएं और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की कि वे अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और रेलवे की आधिकारिक वैबसाइट या हैल्पलाइन के जरिए अपडेट लेते रहें। महाकुंभ के मद्देनजर आने वाले दिनों में और अधिक विशेष ट्रेनों के संचालन की संभावना है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।








मेला परिसर की बड़ी चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरते कलाकार। सूरजकुंड मेला परिसर में नगाड़े की थाप पर झूमते पर्यटक। 38वें सूरजकुंड मेला परिसर में कार्निवॉल परेड में भाग लेते देशी विदेशी कलाकार। (सईद अहमद)

# गंदे पानी की निकासी को लेकर निगम सदस्य एवं पूर्व मेयर हुए आमने-सामने, लम्बे समय से पानी की समस्या से परेशान वार्ड वासी

अम्बाला शहर, फरवरी : शहर में सफाई को लेकर नगर निगम हमेशा चर्चा में रहता है फिर वो चाहे नालों की सफाई हो या फिर शहर में लगे बड़े बड़े कूड़े के ढेर। इसी प्रकार की एक समस्या को लेकर वार्ड नंबर 6 की पषार्दा और पूर्व मेयर एक दूसरे के आमने सामने नजर आए। जानकारी देते हुए वार्ड 6 वासी हरजीत सिंह ने बताया की हमारी गली में रोजाना नाली की सफाई ना होने के चलते गन्दा पानी घरों के बाहर खड़ा हो जाता है जिसका कारण सड़क पर बनी पुलिया है जिसके नीचे से काफी लम्बे समय से सफाई नहीं हुई है और इसी कारण लगभग 100 से अधिक घर इस सब से प्रभावित होते है जिसको लेकर हमने अपनी निगम सदस्या अर्चना छिब्बर को काफी बार फोटो माधयम से अवगत करवाया परन्तु कोई समाधान नहीं निकल पाया। इस समस्या को लेकर हम निगम कार्यालय में विधायक निर्मल सिंह के साथ भी अधिकारियों को मिलने गए और मौका मुयाना भी करवाया जिसके चलते पूर्व मेयर रमेश लाल मल ने समस्या की गम्भीरता को देखते हूए निगम की मददत से उक्त नाले पर बनी पुलिया को तुड़वाया। वहीं वार्ड पार्षदा अर्चना छिब्बर का आरोप है की मेरे वार्ड में बिना मुझे बताए पुलिया को तुड़वाया गया है। अपने पर लगे आरोप का खंडन करते हुए वार्ड पार्षदा ने बताया की सफाई को लेकर मुझे जब भी फोन आया मैंने कर्मचारी भेज कर सफाई करवाई है।



पूर्व मेयर रमेश लाल मल।







तोड़ी गई पुलिया और गुस्साए लोग। मंदिर के बाहर गंदा पानी दिखाते हूए पूनम। स्थानीय निवासी हरजीत सिंह।

> बच्चों को सुबह सुबह गंदे पानी से निकल कर जाना पड़ता है जिस कारण चर्म रोग होने एवं बीमारियां लगने का खतरा बना रहता है।
> -सीमा रानी (निवासी वार्ड 6)

> श्रद्धालुओं को सुबह सुबह मंदिर में भी सड़क पर बहते हुऐ गंदे पानी में से हो कर गुजरना पड़ता है जिस कारण लोगों कीआस्था को भी ठेस लगती है
> -(पूनम -वार्ड नंबर 6 निवासी)

> रोजाना दुकान और गली में नाली का गंदा पानी जमा हो जाता है, जिस कारण दुकानदारी करना भी दूभर हो गया है अगर कमाएंगे नहीं तो खाएंगे कहां से
> -सनी (निवासी वार्ड 7)

> मेरे वार्ड में मुझसे बिना पूछे पुलिया को तोड़ना गलत बात है। तोड़ने से पहले निगम अधिकारियों को भी अवगत नहीं किया गया अन्यथा पुलिया सही जगह से तुड़वाई जाती।
> -अर्चना छिब्बर (एमसी वार्ड नं 6)

> वार्ड चाहे कोई भी हो शहरवासियों की समस्या का समाधान करना हर जन प्रतिनिधि का फर्ज है इस पुलिया के कारण वार्ड 6 और 7 के लोग लम्बे समय से परेशानी झेल रहे थे जिसको लेकर काफी बार लोगो ने मुझे बताया और मैंने निगम को अवगत करवा नाले की सफाई के लिए पुलिया को तुड़वाया है।
> -(पूर्व मेयर रमेश लाल मल)

## भारत में वृद्धावस्था को आत्मनिर्भर और आनंदमय बनाने की दिशा में नया कदम

नई दिल्ली, फरवरी : 2013 में अरुण पॉल द्वारा सिलिकॉन वैली में स्थापित प्रिया लिविंग ने अमेरिका में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को नया रूप दिया है। यह समुदाय न केवल उम्र बढ़ने को स्वीकार करता है, बल्कि इसे खुशी, रचनात्मकता और उद्देश्य के साथ जीने पर जोर देता है। अब, प्रिया लिविंग भारत में अपने अभिनव दृष्टिकोण के साथ प्रवेश कर रही है। संस्थापक अरुण पॉल ने कहा, प्रिया लिविंग मेरे माता-पिता को समर्पित है, जिन्होंने मुझे अमरीका में बेहतर जीवन देने के लिए भारत छोड़ा। अब, मैं भारतीय प्रवासियों को उनकी जड़ों से जोड़ने और भारत में वृद्धावस्था के लिए एक नया दृष्टिकोण पेश करना चाहता हूं। प्रिया लिविंग दिल्ली, हैदराबाद और अहमदाबाद में अपने पहले समुदायों की शुरुआत कर रही है। ये स्थान भारतीय संस्कृति और आधुनिक सेवाओं का संतुलन प्रदान करेंगे, जिससे बुजुर्गों के लिए जीवन अधिक आनंदमय और आत्मनिर्भर बनेगा, जिससे यह न केवल भारत में बुजुर्गों के जीवन को बदलने में मदद करेगा, बल्कि दुनियाभर में वृद्धावस्था देखभाल के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा।

## 1984 के पीड़ितों को न्याय कब मिलेगा? सरना ने कमेटी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, फरवरी : सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 1984 सिख नरसंहार मामलों में बरी किए गए आरोपियों के खिलाफ अपील दायर न करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उंजल भुइया की पीठ ने कहा कि मुकदमे सिर्फ औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि पूरी गंभीरता से चलाए जाने चाहिए। कोर्ट ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि बरी हुए आरोपियों के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर कर मामला मजबूती से लड़ा जाना चाहिए। इस बीच शिरोमणि अकाली दल (दिल्ली) के अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह सरना ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी 1984 के दोषियों को सजा दिलाने का दावा तो करती है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों और कमजोर होते मामलों की जिम्मेदारी लेने से बचती है। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दोषी ठहराने के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली कमेटी ने इसका श्रेय लेने की कोशिश की, जबकि इस केस में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। सरना ने आरोप लगाया कि कमेटी की कार्यशैली के कारण कई मामलों में न्याय प्रक्रिया कमजोर पड़ी है, जिससे सिख पंथ को नुकसान हुआ है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन से आकाश के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

नई दिल्ली, फरवरी : आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई मेन्स 2025 सेशन 1 में शानदार सफलता हासिल की है। रोहतक सेंटर के 7 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक स्कोर किया, जिससे उनकी मेहनत और उत्कृष्ट अकादमिक तैयारी का प्रमाण मिलता है। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में तनमय (99.76), दिग्विजय (99.7), सोनाली (99.47), कसक (99.35) और अनंशी (99.14) शामिल हैं। नैशनल टैस्टिंग एजेंसी ने 11 फरवरी को परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिससे इस साल की दो जेईई परीक्षाओं की शुरूआत हुई। इनमें से अधिकांश छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े थे और आईआईटी जेईई परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयारी कर रहे थे। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मुख्य अकादमिक और बिजनेस प्रमुख अमित सिंह राठौड़ ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हमारे छात्रों की मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन ने ये उत्कृष्ट परिणाम संभव किए हैं। हमारा उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करना है। जेईई मेन्स परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होती है, जिससे छात्रों को अपने स्कोर सुधारने के अवसर मिलते हैं। जेईई एडवांस परीक्षा में शामिल होने के लिए जेईई मेन्स अनिवार्य है।

## सरकार द्वारा बीमा मेलों और जागरूकता शिविरों का आयोजन

नई दिल्ली, फरवरी : ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन बीमा को बढ़ावा देने के लिए डाक विभाग द्वारा संपूर्ण बीमा ग्राम योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत, चयनित गांवों में कम से कम 100 घरों को ग्रामीण डाक जीवन बीमा के दायरे में लाया जाता है, ताकि प्रत्येक परिवार को बीमा सुरक्षा मिल सके। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आबादी को बीमा का लाभ देना और उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। अब तक 46,739 गांवों को इस योजना के तहत कवर किया जा चुका है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा की जानकारी और लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। इसके तहत सोशल मीडिया, रेडियो जिंगल्स, बाहरी प्रचार, जागरूकता शिविर और मेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने दी। उन्होंने कहा कि यह योजना लगातार जारी रहेगी और अधिक गांवों को शामिल करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे ग्रामीण भारत में बीमा कवरेज बढ़ाया जा सके।

## दिल्ली पुलिस ने लूटपाट व हत्या के मामलों में वांछित अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया

**दिल्ली।** पुलिस ने दिल्ली, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में हत्या, लूटपाट और हत्या की कोशिश जैसे कई मामलों में वांछित एक अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी किशोर (50) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि किशोर बार-बार अपना ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बचता रहा और उसे विभिन्न अदालतों ने भगोड़ा घोषित कर दिया था। अधिकारी ने कहा, पुलिस दल को किशोर के जबलपुर(मध्य प्रदेश) में छुपे होने की सूचना मिली, जहां वह एक ट्यूशन सेंटर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था।



अधिकारी ने बताया कि किशोर का आपराधिक इतिहास खंगालने पर उसके ऊपर दस गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाये गये, जिसमें 1995 में उत्तर प्रदेश में हत्या, मालवीय नगर में लूटपाट व शस्त्र अधिनियम तथा एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई अपराध के मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान किशोर ने बताया कि 1995 में अपने भाई की हत्या का बदला लेने के बाद वह जुर्म की दुनिया में आया।

## दिव्यांग बच्चों का भविष्य संवारेगी योगी सरकार

लखनऊ, फरवरी : उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने और दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार अब प्रदेशभर के 1.33 लाख परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोडल टीचर्स के रूप में प्रशिक्षित करा रही है। इनमें से पहले चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 66000 से अधिक प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और शेष को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बता दें कि नोडल टीचर के रूप में अब सभी प्रधानाध्यापक, परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं को समझकर उन्हें उचित शैक्षिक वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। प्रधानाध्यापकों की इस नई भूमिका से प्रदेश में शिक्षा का स्तर और अधिक मजबूत होगा, जिससे दिव्यांग बच्चों को समान अवसर मिलने के साथ-साथ उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इससे उत्तर प्रदेश समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में एक नई मिसाल कायम करने की ओर अग्रसर होगा।

इस समय उतर प्रदेश में लगभग 3 लाख विशेष आवश्यकता वाले बच्चे परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं, जिनके उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर 10 दिवसीय (05-05 दिवसीय दो बैच) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापकों को दिव्यांग बच्चों की देखभाल, उनकी जरूरतों को समझने, शिक्षण तकनीकों, सरकारी योजनाओं की जानकारी और अभिभावकों से संवाद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार समावेशी शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित कर रही है कि दिव्यांग बच्चे भी समान अवसरों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रधानाध्यापकों का यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसमें उन्हें यह सिखाया जा रहा है कि कैसे दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए, उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए और उनके लिए शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जाए।

इसके अलावा प्रधानाध्यापकों को नोडल टीचर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अपने विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ सकें। इस संबंध मे उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो। परिषदीय विद्यालयों में लगभग 3 लाख विशेष आवश्यकता वाले बच्चे पढ़ रहे हैं, जिन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रधानाध्यापक न केवल इन बच्चों की जरूरतों को समझ पाएंगे, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## भारतीय जायकों का शानदार संगम, दिल्ली के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन बना टिवोली

नई दिल्ली, फरवरी : इस वैलेंटाइन डे, टिवोली, छतरपुर एक अनोखे और यादगार रोमांटिक डाइनिंग अनुभव के लिए पूरी तरह तैयार है। 11 से 15 फरवरी तक, टिवोली ने विशेष वेलेंटाइन मेनू तैयार किया है, जिसमें जोड़ों के लिए स्वाद और रोमांस का बेहतरीन संगम मिलेगा। शानदार मेनू में हार्ट-शेप्ड बेकरी आइटम्स, पनीर और चीज प्लैटर्स, क्विनोआ और एवोकाडो सलाद, ब्रुशेटा, और गौर्मे पिज्जा शामिल हैं। मुख्य भोजन में भारतीय व्यंजन जैसे दाल मखनी, बटर चिकन, पनीर लबाबदार और दम बिरयानी परोसे जाएंगे, जिन्हें स्वादिष्ट बटर नान के साथ परोसा जाएगा। वहीं, चाइनीज डिशेज में कुंग पाओ चिकन, एक्सोटिक स्टिर-फ्राइड वेजिटेबल्स और जैस्मिन फ्राइड राइस शामिल हैं। रात के इस खास अनुभव को और भी यादगार बनाने के लिए हार्ट-शेप्ड चॉकलेट ट्रफल केक, रेड वेलवेट ब्राउनी, स्ट्रॉबेरी मूस और क्लासिक टिरामिसू जैसे डेजर्ट उपलब्ध होंगे। साथ ही, सिग्नेचर ड्रिंक्स और रिफ्रेशिंग मॉकटेल्स भी परोसे जाएंगे। गेस्ट्स के लिए पूलसाइड डिनर या ब्लू ग्रोटो के कैंडल लाइट माहौल में से चुनने का विकल्प रहेगा। रोमांस और बेहतरीन खाने का यह संगम, वैलेंटाइन को यादगार बना देगा।

# अंबाला

## सार संक्षेप

### गुरु रविदास जी समाज में समानता और मानवता की सेवा के लिए काम करते रहे : विधायक शैली चौधरी



नारायणगढ़ के गांवों में कमेटी सम्मानित करते हुए व सम्बोधित करती विधायक शैली चौधरी।

**नारायणगढ़ :** सतं शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर विधायक शैली चौधरी जी ने उपमंडल के गांव भडोग,लखनोरा, हसनपुर गांवों में जाकर शिरकत कर वहां पूजा अर्चना की उन्होंने कहा जब भगवान की कृपा होती है तो हमें गुरु मिलाता है ए हम सभी को गुरु रविदास जी से प्रेरिणा लेकर उनके बताए हुए आदर्श मार्ग पर चलना चाहिए। गुरु रविदास जी ने समाज में समानता और एकता का संदेश फैलाया। इस मौके पर मन्दिर कमेटी ने मुख्यीतिथि व साथ आये कार्यकर्ताओ का भी सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विरेन्द्र सोमा,गरविन्द्र बेरखेडी, संदीप गुर्जर, मामचन्द मुकन्दपुर, अमित विकास सहित अन्य मौजूद थे।

### गांव बाड़ा में एक विशेष पाइलस कैंप




मरीजों के स्वास्थय की जांच करते हुए डॉ समिधा शर्मा।

**अंबाला शहर :** एमडी आयुर्वेद, इंचार्ज आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाड़ा डॉ समिधा शर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ शशिकांत शर्मा के निर्देशन में बाड़ा में आयुष्मान अरोग्य मंदिर के सौजन्य से एक विशेष पाइलस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम बाड़ा के जागरूकता शिविर लगाया। जिसमें 82 मरीजो ने लाभ उठाया और उनको बावासीर से बचने के उपायों के साथ-साथ दिनचर्या व ऋतु चर्चा को सामान्य रखने के उपाए भी बताए गए। सबसे पहले मां धनवंतरी पूजन के साथ कैंप का शुभारम्भ किया गया। डा. समिधा ने बताया कि अच्छा स्वास्थ्य पेट व पाचन पर ही निर्भर करता है तथा उन्होंने इस मौके पर स्वास्थ्य से जुडी महत्वपूर्ण जानकारी भी ग्रामवासियों को दी। इस अवसर पर हिमालय वेलनेस कंपनी की ओर से रिजनल मैनेजर मनजीत व मैनेजर हनी मल्होत्रा ने कैंप के सफलतापूर्वक आयोजन पर बधाई दी और स्वास्थ्य से सम्बन्धित यंहा पर जो जानकारी उपलब्ध करवाई गई है उसकी भी सराहना की। इस अवसर पर डा. गीता, ज्योति, शेरबाज, सरपंच अमरजीत, पंच गुरमीत के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### समाधान शिविर लगाने का उदेश्य हर प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान करना है : नगराधीश



समाधान शिविर में शिकायतकर्ता कि समस्या सुनते नगराधीश अभिषेक गर्ग।

**अंबाला शहर :** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर में प्रत्येक शिकायतकर्ता कि समस्या को गंभीरता से ले और तत्परता से उसका समाधान करवाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर लगाने का उदेश्य हर प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान करना है। नगराधीश वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लोगों कि समस्याओ के जल्द समाधान हेतु समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। बता दें कि वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 6 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया और 1 को संबंधित विभाग को मार्क करते हुए जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर डीएसपी सुरेश कुमार, एईई बिजली विभाग जोगिंदर सिंह, जेई पीडब्लूडी संदीप, नगर निगम से शेरसिंह, एएफएसओ अवतार सिंह साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

### गुरु रविदास महाराज जी ने समाज को प्रेम, समानता और सद्भाव का संदेश दिया : पार्षद मनीष आनंद मनी



गुरु रविदास जयंती पर सरोपा डाले मनीष आनंद मनी ट अन्य सदस्य

**अम्बाला शहर :** शहर के वार्ड नंबर 3 के गांव मंडौर में गुरु रविदास जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद व मंडल अध्यक्ष मनीष आनंद मनी ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि पार्षद मनीष आनंद मनी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मनीष आनंद मनी ने गुरु रविदास महाराज के चरणों में माथा टेका। मुख्य अतिथि मनीष आनंद मनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी ने समाज को प्रेम, समानता और सद्भाव का संदेश दिया। उन्होंने हमें जात-पात से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा दी। आज के समय में उनके उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। इसी प्रकार मनीष आनंद मनी ने सूर्या कॉलोनी जड़ोत रोड वार्ड नं 2 स्थित रविदास मंदिर में भी माथा टेका और सभी को गुरु रविदास महाराज जी के जयंती की बधाई दी। दोनों कार्यक्रमों में आयोजकों द्वारा मनीष आनंद मनी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरविंदर घई बूथ प्रधान, गुलशन, बाबू ,दया चंद,निर्मल सिंह,शीशपाल व गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### प्लेसमेंट ड्राइव में देव पालिटैक्निक कॉलेज के 5 छात्र चयनित

**मुलाना :** देव पालिटैक्निक कॉलेज धीन में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 5 छात्रों का एजी इंडस्ट्रीज बवल प्राइवेट लिमिटेड में चयन किया गया है। जिसमें देव पालिटैक्निक कॉलेज के 2025 बैच के फाइनल इयर के छात्र साहिल, सौरभ, सुम्बर कुमार, अभय और कबीर मलिक शामिल रहे। एसबीएस ग्रुप के चैयरमेन डा. राजेश भारद्वाज, कार्यकारी निदेशक डा. मृदुला भारद्वाज और निदेशक सत्यम भारद्वाज ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। डॉ. राजेश भारद्वाज ने कहा, हमारे छात्रों की सफलता हमारे लिए गर्व का विषय

## शहर में खाली पड़े प्लॉटों को एक सप्ताह में कवर करें नागरिक, अपने प्लॉटों को गंदगी से करें मुक्त- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

**खाली प्लॉट में कूड़ा-कर्कट या जल भराव होने पर प्लॉट धारक पर लगेगा जुमार्ना।**

**शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने की नागरिकों की भी जिम्मेदारी।**




**करनाल बीटू संधू**

करनाल नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिन भी लोगों के शहर में खाली प्लॉट पड़े हैं, वह एक सप्ताह के अंदर-अंदर उनकी चारदीवारी इत्यादि करवाकर उन्हें कवर करवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति उनमें कूड़ा-कर्कट डालकर वहां गंदगी न फैला सके। उन्होंने कहा कि ऐसा करके ही खाली प्लॉटों को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शहर का दौरा करते समय प्रायः देखने में आया है कि कई जगहों पर खाली पड़े प्लॉटों में कूड़ा-कर्कट पड़ा रहता है। इसके अतिरिक्त कई प्लॉटों में पानी भी भरा रहता है, जिस कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। इसके चलते आस-पड़ौस के नागरिक भी परेशान रहते हैं और वह नगर निगम कार्यालय में निरंतर इस तरह की शिकायतें लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम लगातार सफाई अभियान चलाकर ऐसे प्लॉटों की सफाई भी करवाता रहता है, परंतु फिर भी कुछ लोग ऐसे प्लॉटों में गंदगी फैला देते हैं, जिससे शहर की स्वच्छता प्रभावित होती है। उन्होंने ऐसे प्लॉट धारकों को चेताते हुए कहा कि वह अपने-अपने प्लॉटों की चारदीवारी या फैंसिंग इत्यादि करवाकर उन्हें कवर करना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति उनमें कूड़ा-कर्कट न गिरा सके। उन्होंने कहा कि सफाई शाखा की विभिन्न टीमें शहर के सभी चारों जोन का निरीक्षण कर ऐसे प्लॉटों को चिन्हित करेगी, जिनमें गंदगी या जलभराव हुआ हो। अगर कहीं ऐसा पाया जाता है, तो सम्बंधित प्लॉट धारक के विरूद्ध कार्रवाई।

## श्री गुरू रविदास जी ने मानव धर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया: सुनील दास

**किसान भवन में धूमधाम से मनाई संत गुरु रविदास जी की जयंती**

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** गुरु रविदास जागृति मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुनील दास ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास जी ने अपनी वाणी में मानव धर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया है। हमें उनसे प्रेरणा लेते हुए जाति पाति का भेदभाव नही करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज ठीक रास्ते पर आगे बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि समाज संगठित हो और समाज में भेदभाव पैदा न हो। सभी माता पिता अपने बच्चों को शिक्षित करने के साथ साथ संस्कारवान बनाएं। तभी समाज आगे बढ़ेगा। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में किसान भवन परिसर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में संत शिरोमणी रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। इसके उपरांत लडडुओं का प्रसाद वरताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने की। किसान नेता मान ने कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने अपनी वाणी में और दोहों के माध्यम से समाज के प्रत्येक पक्ष को छुआ है, जो उन्होंने सैंकडों वर्ष पहले कहा था कि आज भी उनकर वाणी प्रासंगिक है। उनकी वाणी ने यह सिद्व किया है कि मप चंगा तो कठौती में गंगा यानि यदि मन पवित्र और निर्मल है तो किसी भी स्थान पर किया गया कार्य पवित्र होगा। बाहरी आडंबरों की बजाए आंतरिक शुद्वता अधिक महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, यशपाल राणा, सुरेंद्र सिंह घु6मन, शाम सिंह मान, सुरेंद्र सागवान, राजकुमार नौतना, धनेतर राणा, जोगिंद्र बस्तली, दिलावर डबकोली, नेकी राम, जयपाल शर्मा, भरतरी, राजेंद्र राणा, सत्यवीर तौमर सहित काफी सं2या में किसान मजदूर मौजूद थे।



किसान भवन में संत गुरु रविदास जी की जयंती मनाते हुए श्रद्धालु।

## महिला सुरक्षा समाज में सबकी जिम्मेदारी - न्यायाधीश ईराम हसन

**करनाल बीटू संधू**




डीएवी पीजी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला न्यायालय करनाल की न्यायधीश ईराम हसन का कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ बलराम शर्मा ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि ईरान हसन ने स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों को कहा कि समाज में महिला सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। महिलाओं को समाज में सुरक्षात्मक माहौल देने के लिए ओर अधिक कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों के प्रति कड़े कानून है जो महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में महिलाओं को हिम्मत से सामना करना चाहिए कानून उनके साथ है। उन्होंने युवाओं में बढ़ते नशे के प्रति चिंता व्यक्त की साथ ही , बाल विवाह की रोकथाम, दहेज प्रथा एवं महिलाओं के अधिकारों बारे विस्तार से कानूनी जानकारी प्रदान की। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि महिलाएं समाज का गौरव है। महिलाएं भी समाज की उन्नति में उतनी ही भागीदार है जितने की पुरुष। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा प्रथम उद्देश्य हो इस संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना चाहिए तभी हम सही अर्थों में समाज में महिलाओं को समान अधिकार दे सकेंगे। कैंप मौजूद बाल भारती विद्या मंदिर गांव सग्गा के चेयरमैन ऋषिपाल कौशिक ने कौशल विकास स्किल को अपनाने पर जोर दिया, स्वावलंबी भारत अभियान हरियाणा के कॉर्डिनेटर कपिल मदान ने विद्यार्थियों को स्वावलंबन की ओर बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलराम शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और साथ ही दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अगले दिन के कार्यक?

## निष्ठा व लगन से किये गये कार्यों से हमेशा होती है बरकत: उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया।

**अधिकारियों के रूचि लेने पर ही समस्याओं का होगा समाधान: पुलिस अधीक्षक।**

**›› शिविर में पहुंची विभिन्न विभागों से जुड़ी 86 समस्याएं, उपायुक्त ने कहा हर समस्या का होगा समाधान**

**›› समाधान शिविर में बिजली, पुलिस, पैंशन, क्रीड से जुड़ी समस्याएं पहुंची**



**करनाल सुखविंदर सोही**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की दूरगामी सोच का प्रदेश के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जन खुश है। जिस प्रकार से मुख्यमंत्री जनता के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहे हैं उस से आम जन प्रभावित हुए बगैर नहीं रहा है। जनता समाधान शिविर भी मुख्यमंत्री की ही सोच है जिसके परिणाम सार्थक नज? आ रहे हैं। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि निष्ठद्मा व लगन से किये गये कार्यों में हमेशा बरकत होती है। अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को लेकर और गंभीरता से कार्य करना होगा। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि समाधान शिविर में जो लोग अपनी समस्याएं रख रहे हैं। हमें उनकी समस्याओं का समाधान करना है उन्हें इंतजार नहीं करवाना है। जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करना है उन्हें जवाब नहीं देना है। अपने ओहदे व पद को दूर रखकर उनके कार्य में रूचि लेनी है व उनकी समस्या का समाधान करना है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समस्या बड़ी है या छोटी है इसपर ध्यान देने की बजाय उसका समाधान करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के रूचि लेने पर ही समस्याओं का समाधान होगा हमें यह नहीं भुलना चाहिये। पुलिस अधीक्षक ने कई मा

## साइबर अपराध की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफतार

**करनाल बीटू संधू**



**करनाल।** साइबर क्राइम थाना करनाल में दर्ज मुकदमा नंबर 132 दिनांक 19.12.2024 धारा 318(4), 61 भा.न्या.सं. में जांच के आधार पर स.उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह की टीम द्वारा दिनांक 11.02.2025 को गुड़गांव से आरोपी..... कसीर देवान पुत्र जमीर देवान वासी गांव जीतना पूर्वी चम्पारन, बिहार को गिरफतार किया गया, जिसे माननीय अदालत से पुलिस रिमांड पर लिया गया व उसके खुलासा करने पर दिनांक 13.02.2025 को छापामारी करके आरोपी..... जलालुद्वीन उर्फ भोला पुत्र कमरूदीन वासी गांव सिसवा थाना बंजरिया, बिहार को राजौरी गार्डन दिल्ली से गिरफतार किया गया। प्रबंधक थाना साइबर क्राइम निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर उसके कब्जे से 03 ए.टी.एम. कार्ड व वारदात में प्रयोग 03 मोबाईल फोन और नकदी बरामद की गई। आज दोनों आरोपीयों को माननीय अदालत के सामने पेश कर न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया।

## खेतों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफतार, चोरीशुदा सामान बरामद

**करनाल बीटू संधू**



**करनाल।** जिला पुलिस की क्राइम युनिट एंटी बर्गलरी टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर दिनांक 10.02.2025 को मेहता फार्म करनाल के पास से तीन आरोपीयों..... 1. नसीब पुत्र सुभाष वासी गांव पधाना, 2. रवि कुमार पुत्र जसबीर वासी गांव सैदपुरा और 3. हर्ष उर्फ आशु पुत्र रणधीर वासी गांव अब्दुलापुर को गिरफतार किया गया। जिन्होंने पुलिस पुछताछ पर खेतों में टयुब्वलों से तार चोरी की तीन वारदातों का खुलासा किया। इस संबंध में टीम के इन्चार्ज निरीक्षक सतबीर सिंह ने बताया कि सभी आरोपीयों को माननीय अदालत से पुलिस रिमांड पर लिया गया व दौराने रिमांड उनके कब्जे से दो वारदातों में चोरी 40 फुट व 105 फुट बिजली तार बरामद की गई। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में उनका एक साथी पहले ही गिरफतार होकर जेल जा चुका है जो जांच के दौरान नाबालिग पाया गया था। आज आरोपीयों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें पुनः माननीय अदालत के सामने पेशकर न्यायीक हिरासत में भेजा जाएगा।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में आयोजित प्रतियोगिता




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत स्कूली बच्चों की पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने बतौर मुख्य अतिथि पारितोषिक वितरण किया। यह जानकारी परियोजना अधिकारी राजेश हुड्डा, सहायक परियोजना अधिकारी गुलशन गिरधर ने दी। उन्होंने ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत 10 स्कूलों में वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, डेले सोफ्टवेयर द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता तथा ऊर्जा संरक्षण रैली का आयोजन किया गया था, इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आज सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश, जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा, स्कूल के प्रिसीपल सुरेश सहित विद्यार्थी व स्कूल का स्टाफ उपस्थित था।


## मॉब लिंचिंग के विरोध में नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय पर विपक्षी पार्टियों का जोरदार प्रदर्शन




लघुसचिवालय पर प्रदर्शन करतें विपक्ष राजनिति दल व समाजिक तथा किसान संगठन।



सतीश सेठी।



अशोक मेहता।



अमरनाथ ढीगड़ा।



कुसुम भारद्वाज



पूर्व सरपंच मुलखराज।

### मुख्यमंत्री जी हरियाणा में कानून व्यवस्था ठीक करें

अमरनाथ ढीगड़ा ने कहा कि हम मुख्यमंत्री नायब सैनी से निवेदन करते हैं कि हरियाणा की कानून व्यस्था की स्थिति को कैन्ट्रोल करें। यह स्थिति उनके हाथ से निकलती जा रही है। जिस राज्य की कानून व्यस्था ठीक नही रहती वहा का विकास भी खत्म हो जाता है। व्यपारी वर्ग उस जगह पर पैसा नही लगाता। हमारी तो यही प्रार्थना है कि यहा हरियाणा में कानून व्यवस्था ठीक करे।

### गुन्डातत्वों पर कार्रवाई न हुई तो सड़कों पर उतरेंगे

सीपीएम के जिला सचिव कामरेड सतीश सेठी ने घटना की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए कहा कि बीती 24 जनवरी को पलवल के अन्दर जो यूसफ महोम्मद की जो हत्या हुई है उसके हत्यारों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाये ओर इसमें जो मात्वपुर्ण बात है उसके जो गवाह है उसकी भी प्रदेश सरकार सुरक्षा करें। उसके परिवार को मुआवजा भी दे,देश व प्रदेश में जो गौक्शी के नाम पर जो विशेष जाति के लोगो को जो निशाना बनाया जा रहा है। यह सत्ता के संरक्षण में चल रहा है। इस के विरोध में तमाम राजनीति पाटीर्या,किसान संगठन व समाजिक संगठन यही मांग कर रहे है इस प्रदेश में कानून का राज कायम हो। अगर इस तरह के गुन्डातत्वों पर कार्रवाई न हुई तो तमाम जाति के लोग इनके विरोध में सड़कों पर उतरेंगे।

### निर्दोष यूसफ महोम्मद की हत्या पर सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें

कंग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक मेहता ने जिला पलवल में गौक्शी के नाम पर जो हत्या कर दी गई है। उसके विरोध में तमाम राजनीति दलों व समाजिक लोगो ने नारायणरगढ़ में एक महिम चला कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को दिया हैं। इस तरह की जो कानून व्यस्था खराब की गई हैं। एक विशेष जाति के व्यक्ति की गलत हत्या नहीं करनी चाहिए। हम इसकी निन्दा भी करते है और सरकार से मांग करते हे जो निर्दोश माहोम्द यूस्फ की जो हत्या कर दी गई है उन के अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### गौक्शी के नाम पर एक ही जाति को टारगेट कर के मारना बहुत निन्दनीय है

कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कुसुम भारद्वाज ने कहा कि भारत एक लोकतंत्र देश है यहा सभी का भरपूर सहयोग रहा हैं। इस समय हरियाणा में जो गौक्शी के नाम पर एक ही जाति को टारगेट कर के मारा गया है। यह बहुत निन्दनीय कार्य हैं मै यही सरकार से निवेदन करना चाहूंगी कि इस तरह के जो गुन्डागर्दी हो रही है वह बन्द किया जाए और उसपर कड़ी कार्रवाई की जायें। परिवार को मुआवजा मिले।

### सरकार असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करें

समाज सेवक एवं पूर्व सरपंच मुलखराज ने कहा कि जो असामाजिक तत्व है, उनके खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाए उसे आर्थिक सहायता दे ताकि वह परिवार अपना जीवन चला सकें।

नारायणगढ़, फरवरी : मॉब लिंचिंग के विरोध में नारायणगढ़ एसडीएम कार्यलय पर विपक्षी पार्टियों का जोरदार प्रदर्शन किया। जहांसभी राजनीति दलों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौप कर जिला पलवल के पशुपालक किसान मोहम्मद युसूफ के हत्यारों को गिरफ्तार करने गवाहो को सुरक्षा प्रदान करने पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता व आश्रित को सरकारी नौकरी देने के इलावा प्रदेश भर में मॉब लिंचिंग की घटनाओं को रोकने तथा कानून का शासन लागू करने की मांग की गई।

बता दे कि विपक्षी राजनैतिक पार्टियों धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक संगठनों व सामाजिक कार्यकताओ ने पहले कम्युनिटी हाल में इक्ट्ठे हुए जहां से उन्होंने प्रदर्शन करते हुए हिन्दू मुस्लिम सिख इसाई आपस में सब भाई भाई। जात धर्म पर जो लड़वाए वह देश का दुश्मन है के गगनभेदी नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यलय तक प्रदर्शन कर अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। प्रदर्शन को उक्त के अलावा रिटायर्ड कर्मचारी संघ से कुलदीप चौहान, किसान सभा से कामरेड टेक चंद आम आदमी पार्टी के नेता ज्ञान चंद व दीपक अव्वल पेंशनर्ज एसोसिएशन से राम नाथ धीमान सीटू नेता सतीश रसोर निर्मल सिंह सतपाल चौहान व बीर सिंह इत्यादि ने भी सम्बोधित किया।

# एलटी लाइन का पोल तोड़कर तार चोरी करने का किया प्रयास

■ जालौन-उरई

नगर के मोहल्ला भवानीराम में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एलटी लाइन का पोल तोड़कर केबिल चोरी करने का प्रयास किया गया। मोहल्ले के लोगों के जागने पर चोर मौके से भाग निकले। अवर अभियंता ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर व क्षेत्र में बिजली के तार चोरी होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। बीते साल 17-18 जुलाई की रात 132 केवी बिजली उपकेंद्र उदोतपुरा से माधौगढ़ के लिए गई 33 केवी की लाइन उदोतपुरा से छिरिया सलेमपुर के बीच लगभग नौ किमी लाइन अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। साथ ही 20 पोल भी क्षतिग्रस्त हुए थे। इसके बाद हाल ही में 19 जनवरी की रात भी चोरों ने उदोतपुरा से खकसीस के लिए गई बिजली लाइन के तामां व सुड़ार के बीच लगभग एक किमी की लाइन के तार अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए थे।



एक बार फिर चोरों ने नगर क्षेत्र में बिजली की लाइन चोरी करने का प्रयास किया है। बिजली विभाग द्वारा 11 केवी बालाजी फीडर से पोषित मोहल्ला भवानीराम में नगर विस्तार योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। चोरों ने बुधवार की रात राघवेंद्र के घर के बगल में लगे एलटी पीसीसी पोल को तोड़ दिया और तार चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन इसी दौरान मोहल्ले के लोगों के जागने पर चोर तार को वहीं छोड़कर भाग निकले। इसकी जानकारी जब बिजली विभाग को हुई तो अवर अभियंता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। अवर अभियंता नवीन कंजोलिया ने बताया कि बिजली का पोल तोड़कर तार चोरी करने का प्रयास किया गया है। जिसकी तहरीर कोतवाली में दी गई है। पोल टूटने के कारण प्रभावित हुई बिजली आपूर्ति को सुचारू करा दिया गया है।

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु किया जागरूक




■ उरई

मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है। महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अतिक्रमण व जाम की समस्या से निज़ात पाने के लिए सड़कों पर डिवाइडर बनाए जाने की मांग

**जालौन-उरई।** नगर में अतिक्रमण व जाम की समस्या से निजात पाने के लिए सड़कों पर डिवाइडर बनाए जाने की मांग नगरवासियों ने जिलाधिकारी से की है। नगर में अतिक्रमण की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अतिक्रमण के चलते जहां विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। अतिक्रमण का प्रमुख कारण दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सामान लगाया जाना और खाली स्थान पर अतिक्रमण किया जाना है। हालांकि समय समय पर प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटवाया जाता है। लेकिन अभियान के समाप्त होते ही स्थिति जस की तस हो जाती है। दुकानों के सामने खड़े वाहन स्थिति को और भी बदतर बना देते हैं। लेकिन नगर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए अभी तक कोई स्थाई प्रयास नहीं हुए हैं। नगर के लोकेंद्र सिंह, राहुल, दिव्यांश, अशफाक, इब्राहीम आदि ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि नगर में अतिक्रमण की समस्या से बचाव के लिए सड़क के बीच में डिवाइडर लगवा दिए जाएं। डिवाइडर लगाए जाने से जहां ट्रैफिक अपनी साइड में ही रहेगा। वहीं, राहगीरों और वाहन चालकों को भी मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ेगा।



### भिटारा में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जालौन-उरई ।** ब्लॉक संसाधन केंद्र भिटारा में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 52 सप्ताह कार्य योजना पर चर्चा की गई और 55 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में बीईओ प्रीति राजपूत ने स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा सम्मिलित रूप से उपलब्ध कराई गई सामग्री की जानकारी दी। एआरपी केके श्रीवास्तव ने स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम के अंतर्गत पहल मॉड्यूल और 52 सप्ताह की कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। एआरपी संदीप कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों में किए जा रहे कायाकल्प की जानकारी दी। एआरपी प्रदीप अग्रवाल समझाया कि किस प्रकार पांच से छह वर्ष के बच्चों पर विशेष ध्यान देकर उन्हें कक्षा एक के लिए तैयार किया जा सकता है। सीडीपीओ कपिल शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने नई शिक्षा नीति में प्री प्राइमरी एजुकेशन के महत्व पर चर्चा की। बीईओ व सीडीपीओ ने संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालयों के 33 बच्चों और आंगनबाड़ी के 22 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जगमोहन, नीरज, आलोक, अंकित, ब्रह्मानंद राजपूत, किरन, प्रवीण, परमानंद, संदीप, जगदीश, संतोष, चंद्रशेखर आदि ने सहयोग किया।

### वर्चुअली जनसुनवाई कर थानों में आये हुये फरियादियों की समस्यायें सुनी

**उरई।** पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार द्वारा क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जनसुनवाई कर थानों/कार्यालयों में आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

### तमँचा व कारतूस सहित वारंटी गिरफ्तार

**उरई।** कोतवाली कालपी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 33/2025 धारा 109(1)/352/324(6) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त 01 अदद तमन्चा व 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आवशय्क विधिक कार्यवाही की गयी ।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उरई।** कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त दीपक पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम सहजादपुरा थाना जालौन जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।




अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वा शाह कंपनी के चीफ शाह फहद यासिन को बिहार के ग्यान भवन में खेल और व्यापार में बिहार का नाम रौशन करने के लिए पुरूस्कार से नवाजा गया ! जिसमें हिन्दी सिनेमा की अदाकारा द्वारा सम्मान दिया गया!

# केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं बेहतर ढंग से किया जाये- जिलाधिकारी

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं बेहतर ढंग से किया जाए जिससे सरकार की योजनाओ से वंचित लोगो को भी लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय पर अपलोड करें और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि




सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से सरकार जिले की हर योजना और परियोजना की नियमित निगरानी कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएम डैशबोर्ड पर सभी डेटा समय पर अपडेट हो और इसकी नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि बकरी पालन हेतु लोगो को जागरूक करे, साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी प्रेरित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अपने अपने क्षेत्रों में अभी से तैयारी करना सुनिश्चित करे कि जनपद में गर्मी के मौसम में बिजली, पानी की समस्या न होने पाए। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में जल संस्थान को क्षतिग्रस्त पाईप लाइन को ठीक कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त उपजिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को गड्ढा मुक्त की सूची भेजकर उसका सत्यापन कराया जाए। उन्होंने स्टाम्प, जीएसटी, राजस्व में वसूली में तेजी गति से राजस्व में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभागों के कार्यालयाध्यक्षो को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष योजनाओ की प्रगति में सुधार लाये और टीम भावना के साथ कार्य करे, यदि किसी भी अधिकारी की प्रगति में शिथिलता पाई जाती है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारी प्रतिदिन अपना विभागीय पोर्टल चेक करे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा, रामेन्द्र सिंह, उप कृषि निदेशक इसके उत्तम, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, डीएसटीओ नीरज कुमार आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। थाना रामपुरा क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति द्वारा कहासुनी एवं घरेलू विवाद के कारण अपनी भाभी की हत्या कर देने के संबन्ध में थाना रामपुरा पुलिस द्वारा मृत्तिका के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुये मॉर्चरी भिजवाया गया है एवं वादी की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीमो का गठन किया गया है प्रकरण में क्षेत्राधिकारी माधौगढ की बाईट ।

## प्राइवेट बस संचालक सरकारी नियमों की अनदेखी कर मनमर्जी से कर रहे बसों का संचालन

**जालौन-उरई।** प्राइवेट बस संचालक सरकारी नियमों की अनदेखी कर अपनी मनमर्जी से बसों का संचालन कर रहे हैं। जहां तक बस का परमिट है वहां तक बसों का संचालन नहीं हो रहा है। नगर के लोगों ने निर्धारित मार्ग पर बसें चलवाने की मांग की है।

सरकार के नियमों के तहत परिवहन विभाग जिस रूट पर बस संचालित होती है उस रूट का परिवहन विभाग परमिट देता है। सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए बसों का संचालन सुनिश्चित कराना परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है। परिवहन विभाग की मिलीभगत से प्राइवेट बस संचालक बसों का संचालन अपनी मर्जी से कर रहे हैं। बस संचालकों द्वारा एक ओर जहां निर्धारित संख्या से अधिक सवारियों को बैठाया जा रहा तो दूसरी तरफ इन बसों की फिटनेस के नाम पर भी खानापूर्ति हो रही है। परिवहन विभाग द्वारा बसों के संचालन के लिए उरई से औरैया, जगम्मनपुर, माधौगढ़, रामपुरा, रेढ़र, कोंच आदि मार्ग पर परमिट जारी किए गए हैं। लेकिन कुछ बसें ऐसी हैं जो अपने निर्धारित पूरे मार्ग पर नहीं चलती है बल्कि यह सिर्फ उरई जालौन मार्ग पर चल रही हैं। पंकज, राजू, सूर्यप्रताप ने एआरटीओ से मांग करते हुए कहा कि बसों का परमिट जिस मार्ग के लिए है, उस पूरे मार्ग पर बसों का संचालन कराया जाए।

# रायबरेली क्रिकेट क्लब ने किंग्स लीजेंड औरैया को दो विकेट से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

■ जालौन-उरई

जेपीएल सीजन दो का पहला सेमीफाइनल गत वर्ष की विजेता रायबरेली क्रिकेट क्लब और किंग्स लीजेंड औरैया के बीच खेला गया। जिसमें रायबरेली क्रिकेट क्लब ने किंग्स लीजेंड औरैया को दो विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

जालौन प्रीमियर लीग का पहला सेमीफाइनल मैच किंग्स लीजेंड औरैया और रायबरेली क्रिकेट क्लब के बीच गुरूवार को छत्रसाल मैदान पर खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी किंग्स लीजेंड औरैया के बल्लेबाजों ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। रितिक शर्मा ने 40 गेंदों में दो छक्कों और छह चौकों की मदद से 58 रनों की पारी खेली। रोहित मौर्या 39 गेंदों में 50 रन, मोहित वशिष्ठ 19 गेंदों में 22 रन व मुकुल यादव ने 13 गेंदों में 20 रन बनाकर व आठ विकेट खोकर किंग्स लीजेंड को 161 रनों का लक्ष्य दिया। औरैया के बल्लेबाज अंतिम ओवरों में लय नहीं रख सके और 159 रनों के स्कोर पर चार विकेट खो दिए। रायबरेली की ओर से गेंदबाज अभिषेक यादव ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में खेलने उतरी



रायबरेली क्रिकेट क्लब की टीम के बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। टीम के ओपनर बल्लेबाज उमर व विकास कुमार ने 129 रनों की साझेदारी निभाई। विकास कुमार ने 40 गेंदों में तीन छक्के और छह चौकों की मदद से 66 रनों की पारी खेलकर टीम को अच्छी शुरूआत दी। उमर ने 49 गेंदों में एक छक्के और छह चौकों की मदद से 67 रन बनाकर टीम को निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचाया। रायबरेली क्रिकेट क्लब ने पांच विकेट खोकर 17.3 ओवर में मैच दो विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

# महाविद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों से इतर वैवाहिक कार्यक्रम होते मिले एसडीएम को

## एसडीएम ने उच्चधिकारियों को भेजी रिपोर्ट

■ कोंच

महाविद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों से इतर वैवाहिक कार्यक्रम होते नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम अंडा के पास कोंच-एट रोड पर स्थित बाबा धनसिंह रिसालदार महाविद्यालय का उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी के साथ निरीक्षण किया। महाविद्यालय पहुंची एसडीएम ने जब कक्षों सहित समूचे महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तो उन्हें कहीं पर भी शैक्षिक गतिविधियां नजर नहीं आयी। न तो छात्र-छात्राएं मौजूद मिले और न ही शिक्षक। कक्षों में सन्नाटा पसरा हुआ था।



दूसरी ओर महाविद्यालय परिसर किसी वैवाहिक कार्यक्रम आयोजन के लिए सजाया गया था। परिसर में बड़ा पंडाल लगा मिला और मंडप स्टेज भी बना हुआ पाया गया। छात्र छात्राओं के बैठने के लिए बने कक्षों के दरवाजे पर कन्या पक्ष और वर पक्ष के पोस्टर लगे हुए थे। एसडीएम का कहना है कि महाविद्यालय में शैक्षिक कार्य से संबंधित कुछ भी नही पाया गया हघ। महाविद्यालय पर कार्यवाही के लिए उच्च शिक्षा अधिकारी झांसी को पत्र प्रेषित किया गया है।




# विकास खंड की ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जांच करने पहुंची टीएसी टीम

■ कोंच

तहसील क्षेत्र के विकास खंड कोंच की ग्राम पंचायत जुझारपुरा और जमरोही खुर्द में ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये विकास कार्यों की जांच करने बुधवार को मौके पर पहुंचे जांच टीम के सदस्य ॠषि मुनि उपाध्याय संयुक्त विकास आयुक्त एवं मुहम्मद शाह आलम मंडलीय टीएसी अधिकारी ने तमाम विकास कार्यों की जांच पड़ताल की। उन्होंने जुझारपुरा में उच्च प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल और गेट निर्माण की स्थिति देखी। बाउंड्रीवाल बनकर तैयार पायी गयी जबकि गेट का निर्माण आधा अधूरा मिला जिसे जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। गौशाला के चारों ओर लोहे की जाली और खडंजा मरम्मत कार्य सहित अलग अलग 5 चकरोडों पर हुए विकास कार्यों की स्थिति भी जांच टीम ने देखी। इस दौरान गाँव में चल रहे महिला स्वयं सहायता समूह की भी उन्होंने जानकारी ली। कुल 10 समूहों में से निष्क्रिय महिलाओं को हटा कर सक्रीय महिलाओं को शामिल कर प्रत्येक समूह को क्रियाशील रखने के भी उन्होंने निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ सर्वेश कुमार रवि, प्रधान महेंद्र सिंह, तकनीकि सहायक हरिश्चन्द्र विश्वकर्मा, बीएमएम राकेश कुमार, सचिव आदि मौजूद रहे। जांच टीम ने बताया कि जो भी खामियाँ पाई गयी है उसकी पूरी रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी।

**कमी पाए जाने पर टीम ने दिए निर्देश**



# विपक्ष का बहिर्गमन राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम : नड्डा

## कहा, विपक्ष ने बहुत गैर-जि मेदाराना व्यवहार किया है, इसकी निंदा होनी चाहिए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को उच्च सदन से विपक्ष के बहिर्गमन को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम करार दिया और आरोप लगाया कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल उन लोगों के हाथ मजबूत कर रहे हैं जो देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।



उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश किए जाने के खिलाफ विपक्ष के विरोध के दौरान आसन के पास आने वाले सदस्यों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित किए जाने की भी मांग की। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने जेपीसी की रिपोर्ट में विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों को शामिल नहीं करने का आरोप लगाते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन करार दिया और भारी हंगामे के बाद उच्च सदन से बहिर्गमन किया। नड्डा ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि आसन की ओर से अपना पक्ष और चिंताओं को रखने का हर मौका दिए जाने के बाद विपक्ष का व्यवहार दर्शाता है कि वे राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''विपक्ष ने बहुत गैर-जि मेदाराना व्यवहार किया है। इसकी निंदा होनी चाहिए। यह तुष्टीकरण की राजनीति है। ये देश को कमजोर करने के लिए... और सबसे बड़ा सवाल है कि कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। कुछ लोग 'इंडियन स्टेट' के खिलाफ लड़ रहे हैं।'उन्होंने कहा कि विपक्ष का आज का बहिर्गमन कार्यवाही में दर्ज होना चाहिए कि 'ये देशद्रोही गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम है, एक अभिव्यक्ति है'। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग देश को खंडित करना चाहते हैं, कांग्रेस और विपक्ष उनके हाथ मजबूत करने का काम कर रहे हैं।नेता सदन ने सदन में हंगामे को बहुत धैर्य से संभालने और 'दरियादिली' दिखाने के लिए सभापति जगदीप धनखड़ की प्रशंसा की। हालांकि, धनखड़ ने कहा कि उन्होंने दरियादिली नहीं दिखाई है बल्कि उन सदस्यों को गंभीरता से लिया जो आसन के करीब आ गए थे और हंगामा कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''सदन को आज सत्र समाप्त होने से पहले फैसला लेना चाहिए ताकि ऐसे सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके अन्यथा इसके दूरगामी परिणाम होंगे।'इस पर नड्डा ने कहा, ''उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें आज के लिए निलंबित कर दिया जाना चाहिए।'इस पर धनखड़ ने कहा कि इसके लिए कदम कानूनी मानदंडों के अनुसार उठाया जाना चाहिए। इससे पहले, हंगामे के दौरान, धनखड़ ने तीन सदस्यों- समीरुल इस्लाम, नदीमुल हक और एम मोह मद अब्दुल्ला का नाम लिया था, जो सदन में हंगामे के दौरान आसन के निकट आ गए थे।

## सीतारमण ने गैर-भाजपा शासित राज्यों की अनदेखी के विपक्ष के आरोप को 'बेबुनियाद' बताया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों का पक्ष लेने के विपक्ष के आरोप को बेबुनियाद करार दिया और दावे के साथ कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसी राज्य को नजरअंदाज नहीं किया है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए, सीतारमण ने कहा कि यह कहना सही नहीं है कि बजट से पहले राज्यों से परामर्श नहीं किया गया। विपक्षी दलों के दावों का जोरदार खंडन करते हुए कि बजट 2025-26 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगियों द्वारा शासित राज्यों पर केंद्रित है, वित्त मंत्री ने कहा कि ये दावे बिल्कुल बेबुनियाद हैं। वह बजट पर राज्यसभा में पिछले कुछ दिनों से हुई चर्चा का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा, क्या यह बिहार सरकार का बजट है? क्या यह बजट केवल एक राज्य का है?... क्या इसका मतलब यह है कि किसी अन्य राज्य को कुछ नहीं मिलेगा? यह बार-बार पूछा जा रहा है और मैं इसका जवाब दे रही हूं। उन्होंने पंजाब, तमिलनाडु और केरल सहित अन्य विपक्षी राज्यों के विकास के लिए केंद्र द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, चाहे बिहार हो या भाजपा शासित राज्य, यह सिर्फ एक निराधार आरोप है। उन्होंने विपक्षी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) शासित उनके गृह राज्य तमिलनाडु के लिए की गई पहलों को रेखांकित करते हुए कहा कि केंद्र किसी राज्य को नजरअंदाज नहीं कर रहा है।

## महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस ने समय रैना को समन भेजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस ने 'कॉमेडियन' समय रैना को एक वेब शो में रणवीर इलाहाबादिया द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी के संबंध में अगले पांच दिन में उनके सामने पेश होने के लिए कहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने कहा कि रैना अमेरिका में हैं और उन्होंने जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा है। साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस रैना के यूट्यूब शो ÷इंडियाज गॉट लैटेंट÷ पर सोशल मीडिया 'इं लुएंसर' इलाहाबादिया की टिप्पणी के संबंध में अलग-अलग जांच कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस ने रैना को 17 फरवरी से पहले बयान दर्ज करने के लिए कहा है जबकि साइबर प्रकोष्ठ ने उन्हें 18 फरवरी को तलब किया है। इलाहाबादिया और कुछ अन्य के खिलाफ दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में मुंबई में मौजूद असम पुलिस की एक टीम ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले टीम बुधवार को यहां खार थाने पहुंची और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

## न्यूज डायरी

### रणवीर इलाहाबादिया पुलिस के सामने नहीं हुए पेश, आज उपस्थित रहने को कहा

**मुंबई।** सोशल मीडिया इन् लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया को एक यूट्यूब शो में विवादास्पद टिप्पणी से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में पेश नहीं होने के बाद शुक्रवार को यहां खार थाने में उपस्थित रहने को कहा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस ने कॉमेडियन समय रैना को भी अगले पांच दिन में पेश होने के लिए कहा है। रैना विवादास्पद रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' से जुड़ा है। एक अधिकारी ने बताया कि इलाहाबादिया को बृहस्पतिवार को खार थाने में पेश होना था लेकिन वह नहीं आया और उसने पुलिस से कहा कि उसे मीडिया का डर है। अधिकारी ने बताया कि उसे यह स्पष्ट कर दिया गया कि वह पूछताछ से बच नहीं सकता और उसे शुक्रवार को आना होगा। साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में इलाहाबादिया की अभद्र टिप्पणी के संबंध में अलग-अलग जांच कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि रैना अमेरिका में हैं और उसने जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा है। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने रैना को 17 फरवरी से पहले बयान दर्ज करने के लिए कहा है जबकि साइबर प्रकोष्ठ ने उसे 18 फरवरी को तलब किया है। इलाहाबादिया और कुछ अन्य के खिलाफ गुवाहाटी में दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में मुंबई में मौजूद असम पुलिस की एक टीम ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों से मुलाकात की।

### संसदीय समिति की बैठक में सदस्यों ने रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति के कई सदस्यों ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की अश्लील टिप्पणियों का मुद्दा उठाते हुए ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स त कार्रवाई और ठोस कदम उठाने की मांग की। समिति की बैठक के बाद बीजू जनता दल (बीजद) के सस्मित पात्रा ने कहा कि कई सदस्यों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यह मुद्दा उठाया और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत बताई कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं हों। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति इस मुद्दे पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को पत्र लिख सकती है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के अनिल बलूनी, वी डी शर्मा, लहर सिंह सिरोया और शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने यह मुद्दा उठाया। यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक ऐसी टिप्पणी कर कर दी थी जिसकी बड़े पैमाने पर आलोचना हो रही है और उसे बेहद अश्लील तथा आपत्तिजनक बताया जा रहा है। रणवीर ने इस शो में एक प्रतिभागी से माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। 'बीयरबाइसेप्स' के नाम से मशहूर इलाहाबादिया ने इस चूक के लिए माफी मांगी है, लेकिन यह मुद्दा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है।

### ज मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास विस्फोटकों का जखीरा बरामद

**राजौरी/ज मू।** ज मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ सेक्टर में सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा के पास टैंक रोधी बारूदी सुरंग समेत विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद किया। सुरक्षा अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह सामग्री राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों को जोड़ने वाले तारकुंडी के अग्रिम गांव में जारी अभियान के दौरान मिली। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सेना द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन की घटना के बाद बुधवार को इलाके में अभियान शुरू किया गया था। हालांकि गोलीबारी में भारतीय पक्ष की ओर से कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि टैंक रोधी बारूदी सुरंग के अलावा, सैनिकों ने चार सक्रिय बारूदी सुरंगें, रस्सी और अन्य संबंधित सामग्री बरामद की। उन्होंने बताया कि हमलों को अंजाम देने के लिए विस्फोटकों को सीमा पार से तस्करी कर लाया गया था।

### महाकुंभ में आरपीएफ ने बिछड़े 289 लोगों को अपनों से मिलाया

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में अपने परिजनों से बिछड़े लोगों को मिलाने में खोया-पाया केंद्रों के अलावा रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) की भी अहम भूमिका रही है। तेरह जनवरी के स्नान पर्व से अभी तक आरपीएफ ने 289 बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाया है। उत्तर मध्य रेलवे के पुलिस महानिरीक्षक (आरपीएफ) अमिय नन्दन सिन्हा ने बताया कि मेला शुरू होने के दिन से अभी तक प्रयागराज परिक्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे-प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी स्टेशन परिसर में अपनों से बिछड़े 289 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। प्रयागराज जंक्शन पर आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि महाकुंभ मेला शुरू होने के पहले से ही आरपीएफ के सभी जवानों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही हर परिस्थिति में उनकी मदद करने का प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस दिशा में स्टेशन और ट्रेन में यात्रा के दौरान भारी भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़े 289 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया।

## आतिशी ने राजधानी में बिजली कटौती का दावा कर कहा, वे दिल्ली को उप्र बना देंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली।** निवर्तमान मु यमंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की राजधानी पर पकड़ खत्म होने के तीन दिनों के भीतर दिल्ली में बिजली कटौती की समस्या शुरू हो गई है। आप की वरिष्ठ नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली को उत्तर प्रदेश बनाना चाहती है, जो घंटों बिजली कटौती के लिए जाना जाता है। भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। एक संवाददाता स मेलन को संबोधित करते हुए आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली में आप के सत्ता से बाहर होने के तीन दिनों के भीतर ही शहर के विभिन्न इलाकों से 40 से अधिक बार बिजली कटौती की खबरें आई और लोगों ने अब इनवर्टर खरीदना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''आप सरकार के तहत बिजली क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जाती थी, जो अब भाजपा के सत्ता में आने के तीन दिन के भीतर ही ध्वस्त हो गई है।'उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को शासन करना नहीं आता और वह उत्तर प्रदेश की तरह दिल्ली में भी लंबे समय तक बिजली कटौती की स्थिति पैदा कर देगी। भाजपा ने पांच फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप को हराया और उनसे सत्ता छीन ली। भाजपा ने 70 विधानसभा सीट में से 48 सीट पर जीत दर्ज कर 26 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की, लेकिन पार्टी ने अब तक सरकार का गठन नहीं किया है।

## सऊदी अरब के शिक्षक को मिला 'ग्लोबल टीचर प्राइज'

**दुबई।** सऊदी अरब के एक शिक्षक को बृहस्पतिवार को 'ग्लोबल टीचर प्राइज' दिया गया है, जिसकी इनामी राशि 10 लाख अमेरिकी डॉलर है। मंसूर अल-मंसूर को जरुरतमंद लोगों की मदद करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। दुबई में आयोजित विश्व भर की सरकारों के शिखर स मेलन में सऊदी शिक्षक को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। अल-मंसूर एक लेखक भी हैं। उन्होंने सऊदी अरब में भीषण गर्मी के महीनों के दौरान लोगों को एयर कंडीशनिंग (एसी) के रखरखाव की सुविधा उपलब्ध कराने में भी मदद की थी। वर्की फाउंडेशन यह पुरस्कार प्रदान करता है और इसके संस्थापक सनी वर्की हैं। उन्होंने जीईएमएस एजुकेशन कंपनी की स्थापना की थी। इस कंपनी के तहत मिस्र, कतर एवं संयुक्त अरब अमीरात में दर्जनों स्कूलों का संचालन किया जाता है। वर्की फाउंडेशन ने अल-मंसूर सहित अब तक नौ शिक्षकों को यह पुरस्कार प्रदान किया है।

## एर्दोआन ने भारत और पाकिस्तान से बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया

कहा, कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं पर उचित विचार किया जाना चाहिए

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए जिसमें कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं पर उचित विचार किया जाना चाहिए।



दो दिवसीय यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे राष्ट्रपति एर्दोआन ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ आमने-सामने की वार्ता और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद यह टिप्पणी की। दोनों पक्षों के बीच 24 समझौतों समेत एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इसके बाद एर्दोआन ने मीडिया को दिये बयान में कश्मीर मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा, ''हमारा राज्य और हमारा राष्ट्र, अतीत की तरह आज भी हमारे कश्मीरी भाइयों के साथ एकजुटता के साथ खड़ा है।''भारत ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि केंद्रशासित प्रदेश ज मू-कश्मीर और लद्दाख देश का अभिन्न अंग थे, हैं और 'हमेशा रहेंगे'। भारत द्वारा 5 अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, ज मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है।अपने बयान में राष्ट्रपति एर्दोआन ने पाकिस्तान के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में भी गहरी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने कहा, ''हमारी परिषद के सातवें सत्र में, जिसे हमने अभी-अभी समाप्त किया है, हम अपने संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। इस यात्रा के दौरान, हमने व्यापार, जल संसाधन, कृषि, ऊर्जा, संस्कृति, परिवार और सामाजिक सेवाओं के साथ-साथ विज्ञान, बैंकिंग, शिक्षा, रक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में कुल 24 समझौतों और सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं।' इस अवसर पर शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान तुर्किये के नेता का दूसरा घर है और यहां पांच साल बाद उनका फिर से आना अद्भुत है। उन्होंने भूकंप और बाढ़ के दौरान पाकिस्तान के साथ खड़े रहने के लिए तुर्किये का आभार जताया। शहबाज ने कहा, ''आज आपकी पाकिस्तान यात्रा ने हमारे भाईचारे के संबंधों को एक नया ऊंचाई दी है।'

## जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकारी विभागों का आधुनिकीकरण आवश्यक: द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेवा वितरण में दक्षता के लिए जनता की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के मकसद से सरकारी विभागों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम उपयोग करके अपने तंत्र का आधुनिकीकरण करना आवश्यक है।

राष्ट्रपति ने विभिन्न सरकारी सेवाओं के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के समूह को संबोधित किया



विभिन्न सरकारी सेवाओं के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए, उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकियों, कौशल से अवगत रहने और अधिक नागरिक-केंद्रित, कुशल तथा पारदर्शी शासन प्रणाली बनाने का प्रयास करने को कहा। भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय डाक और दूरसंचार (वित्त और लेखा) सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय डाक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि सेवा वितरण में अधिक गति और दक्षता के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि को लेकर जनता की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। मुर्मू ने कहा, ''इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सरकारी विभागों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम उपयोग करके अपनी प्रणाली का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण करना आवश्यक है।'उन्होंने कहा कि ऐसी प्रौद्योगिकियों में मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) शामिल हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि एक मजबूत सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली सुशासन की नींव है। उन्होंने कहा, ''तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बिठाना चुनौती का एक और क्षेत्र है। आपको लेखांकन और भुगतान प्रणालियों को सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए उपाय करने होंगे।'उन्होंने कहा कि नवनियुक्त अधिकारियों की भूमिका वित्तीय संसाधनों के उपयोग को सर्वाधिक अनुकूल बनाने से कहीं आगे जाती है और 'इसमें नीतियों के प्रभाव का विश्लेषण करना और वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों सहित शासन प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए इनपुट सुझाना शामिल है।'

## नाटो ने शांति वार्ताओं में यूक्रेन और यूरोप को शामिल करने पर जोर दिया

एजेंसी

**ब्रसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जल्द बातचीत किए जाने का संकेत मिलने के बाद, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के कई सदस्य देशों ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी शांति वार्ता से यूक्रेन और यूरोप को दूर नहीं रखा जाना चाहिए।

नाटो में शामिल देश ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हिली ने कहा, ÷यह मत भूलिये कि रूस, यूक्रेन के अलावा और देशों के लिए भी खतरा बना हुआ है। अमेरिका ने यह कह कर नाटो को परेशानी में डाल दिया है कि यूक्रेन को कभी भी इस गठबंधन में शामिल नहीं होना चाहिए तथा यूरोपीय सहयोगियों को आने वाले समय में यूक्रेन की सुरक्षा की जि मेदारी लेनी चाहिए। हिली ने नाटो मु यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ÷कीव के बिना यूक्रेन के बारे में कोई बातचीत नहीं हो सकती। और किसी भी वार्ता में यूक्रेन को शामिल किया जाना चाहिए।स्वीडन के रक्षा मंत्री पेल जॉनसन ने कहा कि यूरोपीय देशों ने पिछले साल यूक्रेन को लगभग 60 प्रतिशत सैन्य सहायता प्रदान की थी, लिहाजा उन्हें भी वार्ता में शामिल किया जाना चाहिए। खासतौर पर अमेरिका की इस मांग को ध्यान में रखते हुए कि दीर्घ अवधि में यूरोप को यूक्रेन की सुरक्षा की जि मेदारी लेनी चाहिए। जॉनसन ने कहा, ÷यह बहुत स्वाभाविक है कि हमें वार्ता में शामिल किया जाना चाहिए।एस्टोनिया के रक्षा मंत्री हेनो पेवकर ने कहा कि यूरोपीय देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं, यूक्रेन के रक्षा क्षेत्र में भारी निवेश किया है और उनसे युद्ध से तबाह देश के पुनर्निर्माण का खर्च उठाने को कहा जाएगा। पेवकर ने कहा कि हमें भी वार्ता में शामिल किया जाना चाहिए। अन्यथा यह शांति दीर्घकालिक नहीं होगी।

## भारत की तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए सरकार कोयला उत्पादन बढ़ाने में है जुटी: रेड्डी

कहा, सरकार ने इस वर्ष एक अरब टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया



एजेंसी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चूंकि भारत की ऊर्जा मांग तेजी से बढ़ रही है, इसलिए सरकार 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए कोयला उत्पादन बढ़ाने पर काम कर रही है।

कोयला एवं खान मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने इस वर्ष एक अरब टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को विशेषकर गर्मियों के मौसम में बिजली की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लिथियम और तांबे जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की भारी मांग है, ऐसे में भारत अर्जेंटीना में महत्वपूर्ण खनिज 'ब्लॉक' का अधिग्रहण कर रहा है। रेड्डी ने यहां भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के राष्ट्रीय स मेलन में कोयला उद्योग के श्रमिकों को संबोधित किया और बाद में पत्रकारों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, '' भारत में ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है और कोयला हमारी ऊर्जा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सरकार इस वित्त वर्ष के लिए एक अरब टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले 50 वर्षों के लिए कोयला उत्पादन बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियां ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर कोयले की आपूर्ति के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि भारत, चीन के बाद कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है तथा पड़ोसी देश के बाद सबसे बड़ा कोयला उत्पादक भी है। उन्होंने कहा, ''देश में 74 प्रतिशत से अधिक बिजली उत्पादन कोयला आधारित है। सरकार बिजली की कमी न हो, इसके लिए काम कर रही है और उसने इस साल एक अरब टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। पिछले साल से हमारे कोयला उत्पादन में वृद्धि हुई है और सरकार हर साल कोयला उत्पादन बढ़ाने पर काम कर रही है।'मंत्री ने कहा कि सरकार कोयला आयात घटाने के लिए भी कदम उठा रही है।

# बिजनेस प्लस

## आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा बोले, एनबीएफसी ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करें

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों से कहा कि वे ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करें और शिकायतों के तत्काल निवारण के लिए एक प्रणाली बनाएं। आरबीआई गवर्नर ने सरकारी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी), आवासीय वित्त कंपनियों और सूक्ष्म-वित्त संस्थानों सहित सभी स्तरों पर चुनिंदा एनबीएफसी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों और मु य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात में यह बात कही। बैठक में शामिल एनबीएफसी कंपनियों की कुल एनबीएफसी क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि मल्होत्रा ने छोटे व्यवसायों और विशिष्ट क्षेत्रों के लिए ऋण उपलब्ध कराने के मामले में एनबीएफसी की भूमिका रेखांकित की। रिजर्व बैंक और एनबीएफसी के बीच आवश्यक सहयोग के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए गवर्नर ने समावेशी विकास, ग्राहक संरक्षण और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वृद्धि आकांक्षाओं को ठोस प्रथाओं के साथ संतुलित करने पर जोर दिया। 'गवर्नर ने ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने को कहा है।

## शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन गिरावट

### सेंसेक्स 32 अंक टूटकर 76,138.97 पर बंद

एजेंसी

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और नि टी ने बृहस्पतिवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और लगातार सातवें दिन हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में चुनिंदा आईटी एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के चलते बाजार की धारणा कमजोर हुई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 32.11 अंक यानी 0.04 प्रतिशत गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 76,764.53 के उच्चतम और 76,013.43 के नि नतम स्तर को छुआ। इस तरह निचले और ऊपरी स्तर के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक नि टी 13.85 अंक यानी 0.06 प्रतिशत फिसलकर 23,031.40 पर बंद हुआ।सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले और टाइटन में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी तरफ सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और जोमैटो के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 4,969.30 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के कारण बाजार में शुरुआती आशावाद के बावजूद अनिश्चित वैश्विक संकेतों और कमजोर कॉरपोरेट आय के चलते ऊपरी स्तरों से गिरावट हुई। इसके अलावा, कृत्रिम मेधा (एआई) में बढ़ती रुचि के कारण एफआईआई अधिक प्रतिफल के लिए चीन के प्रौद्योगिकी शेयरों की ओर आकर्षित हुए।



## उभरते कौशल के लिए 30-40 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि संभावित

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग जगत में इस साल छह प्रतिशत से लेकर 15 प्रतिशत तक की सीमा में वार्षिक वेतन वृद्धि होने का अनुमान है। वेतन वृद्धि का अनुपात उद्योग, भूमिका के महत्व और विशिष्ट कौशल पर निर्भर करेगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी माइकल पेज की तरफ से जारी '2025 सैलरी गाइड' के मुताबिक, उभरते कौशल और महत्वपूर्ण नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि का आंकड़ा 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। फर्म ने कहा कि भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में मजबूती दिखाई है।

संपादकीय

# नाकाम रेलवे

**महाकुंभ** के लिए रेलवे ने भी बड़े-बड़े दावे किए थे। भारतीय रेलवे महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों ट्रेनें चला रहा है। महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के साथ लोकल ईएमयू और डेमू ट्रेनें भी खूब चलाई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ पहुंचकर संगम स्नान कर सकें। लेकिन सोशल मीडिया पर आए वीडिया बयां कर रहे हैं कि रेलवे पूरे तरह नाकाम रहा है। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में कुछ जगह तोड़फोड़ की घटनाएं हुई हैं। इनका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। कहीं पर लोग ईंट मारकर शीशे तोड़ रहे हैं तो कहीं पर डंडे से तोड़फोड़ कर ट्रेनों में घुसने का प्रयास कर रहे हैं। ये क्यों हुआ क्योंकि रेलवे ने जो दावे किए थे, उन्हें पूरा नहीं कर पाया। हालांकि कहा जा रहा है कि अप्रत्याशित भीड़ आने की वजह से ऐसा है, बावजूद इसके रेलवे को अपनी नाकामी तो माननी ही चाहिए। लाखों लोग रेलवे स्टेशनों पर भूखे-प्यासे घंटों पड़े रहे। उनकी मदद करने वाला कोई नहीं था। जो भी रेल आती, वह पूरी तरह भरी रहती। डिब्बों के दरवाजे अंदर से बंद रहते। ऐसे में यात्रियों का गुस्सा होना जायज कहा जा सकता है, लेकिन रेलों में तोड़फोड़ करना कहीं से भी समझदारी भरा काम नहीं कहा जा सकता। रेल किसी की निजी संपत्ति नहीं है। देश की संपत्ति है, उसे नष्ट करना न केवल असभ्यता है, बल्कि अपराध भी है। जिन अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ की है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सजा दी जानी चाहिए। इस संदर्भ में भारतीय रेलवे ने तोड़फोड़ करने वाले लोगों को लेकर बड़ा फैसला किया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, इससे पहले आरपीएफ ने अलग अलग स्थानों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। ऐसा नहीं है कि तोड़फोड़ करने वालों की पहचान नहीं की जा सकती। वीडियो में बहुत चेहरे तोड़ फोड़ करते दिख रहे हैं। स्टेशनों में लगे सीसीटीवी कैमरों से तोड़फोड़ करने वालों की पहचान की जा सकती है, जो रेलवे कर भी रहा है। रेलवे को कड़ी कार्रवाई करनी ही चाहिए, लेकिन इसी के साथ कुंभ जाने वालों के लिए अतिरिक्त रेलें चलाई जानी चाहिए। श्रद्धालुओं ने यात्रा करने के लिए जो कष्ट झेले हैं, वे मीडिया से बता रहे हैं। अगर पहले ही पर्याप्त रेलों का प्रबंध किया जाता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। दरअसल, रेलवे यह अंदाजा लगाने में नाकाम रहा है कि इतने ज्यादा श्रद्धालु भी आ सकते हैं। इसी वजह से हालात अनियंत्रित हुए।

**यात्रियों का गुस्सा होना जायज कहा जा सकता है, लेकिन रेलों में तोड़फोड़ करना कहीं से भी समझदारी भरा काम नहीं कहा जा सकता। देश की संपत्ति को नष्ट करना अपराध है।**

पाठकवाणी

### शीर्ष न्यायालय की सही फटकार

**यों** तो रेवड़ी संस्कृति पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहीं बार राजनीतिक दलों को फटकार लगाई है, किंतु इस बार उसने रेवड़ी बांटने के कुप्रभावों पर भी खुलकर बोला है। मुफ्त की रेवड़ी के चलन का श्रेय यों तो स्वर्गीय जयललिता को जाता है, किंतु इस चलन को परवान चढ़ाया कट्टर ईमानदार अरविन्द केजरीवाल ने। फिर यह संक्रमण धीरे-धीरे सभी राजनीतिक दलों में फैल गया। कुछ दल इस रेवड़ी बांट को जनहित के कार्य कहते हैं तो कुछ इसे जनता का अधिकार। किंतु यह नि:संदेह घूस देकर मत खरीदना है। शीर्ष न्यायालय ने बिल्कुल ठीक कहा है कि मुफ़्त में चीज बांटने से लोग अकर्मण्य होते जा रहे हैं। यह प्रत्यक्षत: दिख भी रहा है। एक समय लोग मजदूरी के लिए घर-घर जाकर काम के लिए पूछते थे, किंतु आज मजदूरों के घर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कोई मजदूर काम करने के लिए राजी नहीं है। उनके नखरे बढ़ गए हैं। इससे विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। क्योंकि बजट का एक बहुत बड़ा अंश रेवड़ी बांटने में खर्च हो जाता है। केंद्र सरकार का मुफ़्त राशन बांटना भी मुफ़्त की रेवड़ी ही है, जिसे खरीदने के लिए गली मौहल्लों में ठेले वालों को आवाज लगाते देखा जा सकता है। यह तुरन्त बंद होना चाहिए। इतना अवश्य हो सकता है कि गरीब लोगों को कम मूल्य पर राशन उपलब्ध कराया जाए।

-**डॉ नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

कुछ खास



जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्रों द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना उनका संवैधानिक अधिकार है, लेकिन जामिया प्रशासन विरोध करने वाले छात्रों को गार्डों और पुलिस के माध्यम से डराना-धमकाना न केवल शर्मनाक है, बल्कि एक गंभीर आपत्तिजनक कृत्य भी है।

-**चंद्रशेखर आजाद**, सांसद

आज का ट्वीट



''कैसे बना लेगा सरकार? हम लोग के रहते हुए सरकार बना लेगी भाजपा? भाजपा को लोग जान गए हैं। तुम लोग (पत्रकार) को भी लोग जान गए हैं।''

-**लालू प्रसाद यादव**

सामयिक

# परजीवी कौन है मी लार्ड?



**शाहीन सबा**

**1947 से 2014 तक भारत सरकार 55 लाख करोड़ रुपए के कर्ज पर बैठी थी, लेकिन अगले 10 वर्षों में 155 लाख करोड़ रुपए पार कर गई, जिसका भुगतान किसी अडानी, अंबानी या माल्या को नहीं करना है। इसे तो उन्हीं को चुकता करना होगा जो ग्रामीण भारत में अभी भी मनरेगा रोजगार को 100 दिन से 200 दिन करने की मांग कर रहे हैं**

**बु**धवार को सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली में रह रहे बेघरबार लोगों के लिए आश्रय की मांग करने वाली एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश बीआर गवई ने अपनी टिप्पणी में जो कुछ कहा, वह राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन चुका है। माननीय न्यायाधीश ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि, 'मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि, फ्रीबी (मुफ्तखोरी) के कारण, जब चुनावों की घोषणा होती है...लोग काम करने के लिए तैयार नहीं होते। बिना काम किये ही उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है।' यहां पर मामला था दिल्ली के बेघरबार लोगों के लिए उचित मात्रा में पर्याप्त शेल्टर होम का, लेकिन न्यायाधीश महोदय को व्यापक आर्थिक-राजनीतिक परिदृश्य में हो रहे बदलाव का चित्र घूम रहा था। उन्होंने आगे कहा, ।क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें मुख्यधारा के समाज का हिस्सा बनाया जाए ताकि वे राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकें?

इसके जवाब में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण का सिर्फ यह कहना था कि, कम से कम जो किया जाना चाहिए वह यह है कि इन्हें शेल्टर मिल जाए। पूरे देश में बेघर लोगों के लिए आश्रय के मुद्दे पर एक जनहित याचिका के मुद्दे पर यह सुनवाई हो रही थी। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने उपलब्ध आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 4 दिसंबर, 2024 तक देश में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के द्वारा 2,557 आश्रय गृह स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 1,995 अभी भी (कुल 1,16,000 बिस्तरों की क्षमता) कार्यरत हैं। इसके प्रतिउत्तर में प्रशांत भूषण ने दावा किया कि वास्तविक सर्वेक्षण के मुताबिक, सिर्फ दिल्ली में ही लगभग 3 लाख लोग बेघर हैं। इसलिए मौजूदा शेल्टर होम पूरी तरह से अपर्याप्त ही नहीं हैं, बल्कि उनकी स्थितियां भी अत्यंत दयनीय हैं।





मामले की पृष्ठभूमि में शहरी क्षेत्रों में बढ़ते आश्रयहीन लोगों का मुद्दा था, किंतु माननीय न्यायाधीश, जो जल्द ही देश के अगले मुख्य न्यायाधीश बनने की ओर मुखातिब हैं, के दिमाग में चुनावों में राजनीतिक दलों के द्वारा दी जा रही फ्रीबीज के चलते आम लोगों में बढ़ता परजीवीकरण घूम रहा था। जब वकील प्रशांत भूषण ने इसका प्रतिवाद भी किया तो न्यायाधीश महोदय का साफ कहना था कि उन्हें सिर्फ एक पक्ष ही पता है। उन्होंने बताया कि कृषक पृष्ठभूमि होने के कारण उन्हें पता है कि महाराष्ट्र में फ्रीबी की बदंरबांट के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव से पहले खेतों में काम के लिए श्रमिक उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। कुछ इसी प्रकार का दर्द लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन सुब्रमनियन के हालिया बयान में भी झलका है। उनका कहना है श्रमिक सरकार से मिलने वाली फ्रीबी योजनाओं की सुविधाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं, अब वे पलायन के इच्छुक नहीं हैं।

अब मामला यह है कि सुब्रमनियन साहब का अपने स्टाफ से सप्ताह में 90 घंटे की मांग वाले मुद्दे पर तो कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा, लेकिन सस्ते दिहाड़ी मजदूरों की उनकी चाह को लेकर मध्य वर्ग शायद ही कोई तवज्जो दे। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने एल एंड टी में उनके पे चेक का ब्यौरा तक पेश कर दिया था, जिसके अनुसार 2023-24 में एल एंड टी के चेयरमैन सुब्रमण्यम साहब को वेतन और भत्ते के रूप में 51.05 करोड़ रुपए मिले, जो एक वर्ष पहले की तुलना में 43 प्रतिशत ज्यादा है।

परजीवी एक ऐसी गाली है, जिसका इस्तेमाल सबसे ज्यादा महाजनी सभ्यता के लिए किया जाता है। सामंती युग में निर्धन कृषकों और खेत मजदूरों को गाढ़े वक्त में ऊंचे ब्याज पर महाजन कर्ज दिया करते थे। अच्छे फसल की उम्मीद टूट जाने पर इन गरीबों के खेत या गहने बड़ी आसानी से इनके द्वारा कुर्क कर लिए जाते थे। कुछ वर्ष पहले दक्षिण कोरियाई फिल्म पैरासाइट भी काफी चर्चित रही थी, जिसे अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया था। इसमें भी शहरी झुग्गीवासी परिवार के एक धनाड्य परिवार के घर पैरासाइट बन जाने के भयावह चित्र को अंकित किया गया था, जबकि वास्तविकता इसके उलट होती है। वर्ष 2023 में सूरत से एक आरटीआई कार्यकर्ता संजय एझावा के आवदेन पर आरबीआई ने अपने जवाब में खुलासा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों के दौरान 25 लाख करोड़ रुपए तक के ऋण माफ किये जा चुके थे। 2014 से 2022 के बीच के वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा 10.41 लाख करोड़ रुपए और व्यावसायिक बैंकों के द्वारा 14.53 लाख करोड़ रुपए तक के ऋणों को बट्टे खाते में डाला जा चुका था।

इन 25 लाख करोड़ रुपए राईट ऑफ में से मात्र 2.50 लाख करोड़ रुपयों की ही वसूली हो सकी। इसमें से बड़ी रकम उन बड़े पूंजीपतियों की थी, जो सरकार के क्रोनी मित्र थे और उनमें से कई सूचना सार्वजनिक होने से पहले ही मोटा माल सेफ हेवेन में भेजकर देश से नौ-दो-ग्यारह हो चुके थे। इनमें से आज तक एक भी भगोड़े को मोदी सरकार प्रत्यर्पण करा पाने में कामयाब नहीं हो सकी है। लेकिन न ही सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति और न ही एल एंड टी के चेयरमैन साहब ने इस बारे में कोई टीका-टिप्पणी की है। लेकिन उससे भी बड़ा सवाल यह है कि 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो मुफ्त अनाज या सरकार के क्रोनी मित्रों के 25 लाख करोड़ रुपए की फ्रीबी को आखिर चुकाता कौन है?

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हर साल इसी फरवरी माह को एक और बजट पेश और पारित कराने जा रही हैं। पहले यह 40 लाख करोड़ रुपए और अब 50 लाख करोड़ रुपए तक जा पहुंचा है। कुछ वर्ष पहले तक प्रत्यक्ष कर में होने वाली वसूली अप्रत्यक्ष करों पर भारी पड़ा करती थी, लेकिन अब जबसे देश में जीएसटी की व्यवस्था आई है, स्थितियां उलट हो चुकी हैं। अब प्रत्यक्ष कर (आयकर, कॉर्पोरेट टैक्स) का पलड़ा नीचे की ओर होता जा रहा है, जिसे देश के अमीर और मिडिल क्लास से ही वसूला जा सकता है। उधर दूसरी ओर, जीएसटी जो कि वस्तुओं और सेवाओं पर चार्ज किया जाता है, को गरीब से गरीब व्यक्ति नमक, आटे से लेकर दवाई सभी उपभोक्ता वस्तुओं पर चुकता करता है। एल एंड टी जैसी इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कंपनियों के लिए सरकार हर साल बजट से लाखों करोड़ रुपए के राजमार्ग, फ्लाईओवर इत्यादि पर खर्च करती है, जिसका उपभोग या तो बड़े व्यवसायों के लाभ को सुगम बनाने में इस्तेमाल होता है या फिर ऑटो लॉबी के लिए मध्य वर्ग के तौर पर वाहनों के खरीदार के रूप में। यानि पाई-पाई वसूली तो हर मजदूर और गांव के किसान से है, लेकिन बदले में उन्हें सिर्फ विकसित भारत का लॉलीपॉप सपना ही है।

1947 से 2014 तक भारत सरकार 55 लाख करोड़ रुपए के कर्ज पर बैठी थी, लेकिन अगले 10 वर्षों में यह 55 लाख करोड़ रुपए से 155 लाख करोड़ रुपए पार कर गई, जिसका भुगतान किसी अडानी, अंबानी या माल्या को नहीं करना है। इसे तो उन्हीं को चुकता करना होगा जो ग्रामीण भारत में अभी भी मनरेगा रोजगार को 100 दिन से 200 दिन करने की मांग कर रहे हैं, या शहरों में काम की तलाश में आपके द्वारा ही सेट किये गये ठेकेदारों के हाथों आपके प्रोजेक्ट्स में आपकी शर्तों के तहत काम करने के लिए अभिशप्त हैं। आप ही बताइए, पैरासाइट कौन है।

# दोस्ती इम्तिहान लेती है-मेक इन इंडिया बनाम अमेरिकी फर्स्ट

## तुलसी...मस्क..रामास्वामी के बाद, मोदी की ट्रंप से ऐतिहासिक मुलाकात

**भारत अमेरिका के पौराणिक संबंधों और वर्तमान नेतृत्व की दोस्ती के दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलेंगे-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर हर देश की नजरें 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शपथ ग्रहण करने से लेकर उनके द्वारा करीब रोज लिए जा रहे निर्णयों पर लगी हुईहै,जिससे पूरी दुनियाँ अपने नफे नुकसानों के आकलन पर मंथन करने लग गई है, परंतु अब पूरी दुनियाँ की निगाहें भारतीय समय अनुसार गुरुवार अर्ली मॉर्निंग 2.30 बजे भारतीय पीएम अमेरिकीराष्ट्रपति के मुलाकात पर लगी रही जिसमें सभी की नजरे टैरिफ, अवैध आवर्जन अवैध प्रवासी भारतीयों की वापसी, चीन मुद्दा,रक्षा, नई टेक्नोलॉजी सहित अनेक मुद्दों पर बनी हुई थी, हालांकि भारत ने अमेरिकी दौरे से पूर्व ही अपने मैक्सिमम अमेरिकी टैरिफ को 150 पेसेंट से घटकर 70 पेसेंट कर दिए ताकि बातचीत की सकारात्मकता की गुंजाइश को बल मिले भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों मेंशामिल रहा है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में साल1990-91तक औसतटैरिफ 125 पेसेंट तक था। उदारीकरण के बाद यह कम होता चला गया।2024 में भारत का एवरेज टैरिफ रेट 11.66 पेसेंट था। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद भारत सरकार ने टैरिफ रेट में बदलाव किया।द हिन्दू की रिपोर्ट के अनुसार भारत सरकार ने टैरिफ के 150 पर्सेंट,125 पर्सेंट और 100 पर्सेंट वाली दरों को खत्म कर दिया है। अब भारत में सबसे ज्यादा टैरिफ रेट 70 पर्सेंट है। भारत में लग्जरी कार पर 125 पर्सेंट टैरिफ था,अब यह 70 पर्सेंट कर दिया गया है। ऐसे में साल 2025 में भारत का एवरेज टैरिफ रेट घटकर 10.65 पर्सेंट हो चुका है। आमतौर पर सभी देश टैरिफ लगाते हैं। किसी देश में इसका रेट कम और किसी में ज्यादा हो सकता है। हालांकि, बाकी देशों से तुलना की जाए तो भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है।संभवत लाखों लोगों के साथ मैं खुद भी शुक्रवार अर्ली मॉर्निंग 2:30 बजे से 6 बजे तक संचार माध्यमों टीवी चैनलों से जुड़ा रहा इन दोनों महाशक्तियों के बीच हुई मुलाकात को लगातार देखता फिर सुबह 6 के दोनों की संयुक्त प्रेस वार्ता के बाद यह आर्टिकल तैयार किया हूं। इसके पूर्व हम देखें कि पीएम अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी पहुंचे,जहां उनका जबरदस्त स्वागत हुआ, इसके बाद पीएम की पहली आधिकारिक मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड से हुई,जो खुद को भगवान श्री कृष्ण की भक्त कहती हैं। फिर पीएम ने गुरुवार रात करीब 9 बजे अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज से मुलाकात की। इस बैठक में भारतीय विदेश मंत्री और एनएसए भी मौजूद रहे। इसके बाद पीएम इलॉन मस्क से मिले। मस्क अपने परिवार के साथ ब्लेयर हाउस पहुंचे थे। मस्क ने पीएम को तोहफे में मेमेंटो (स्मृतिचिह्न) दिया। दोनों के बीच करीब एक घंटे बातचीत हुई। मस्क से मुलाकात के बाद पीएम ने भारतवंशी बिजनेसमैन विवेक









रामास्वामी से करीब आधा घंटा मुलाकात की।मुलाकात के बाद रामास्वामी ने कहा कि पीएम का स्वागत करना उनके लिए सम्मान की बात थी।चूँकि विश्व की नजरे भारत अमेरिका प्रमुखों की देर रात्रि हुई मुलाकात पर लगी हुई थी, अवैध अप्रवासी मुद्दा व्यापार तकनीकी बात टैरिफ साहित अनेक एमओयू जिसके दूरगामी परिणाम निकलने की पूरी संभावना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दोस्ती इम्तिहान लेती है, मेक इन इंडिया बनाम अमेरिकी फर्स्ट।

साथियों बात अगर हम गुरुवार सुबह 6 बजे दोनों वैश्विक नेताओं की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की करें तो इस दौरान जब पूछा गया कि ट्रंप और मोदी में कौन टफ नेगोशिएटर (वातार्कार) है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कह दिया कि इस मामले में भारतीय प्रधानमंत्री बहुत आगे हैं। ट्रंप ने कहा,वह (पीएम मोदी) मुझसे कहीं ज्यादा टफ नेगोशिएयर हैं और मुझसे कहीं बेहतर वातार्कार भी हैं। इसमें कोई मुकाबला ही नहीं है।पीएम मोदी ने कहा,जो लोग दूसरे देशों में अवैध रूप से रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। जहां तक ??भारत और अमेरिका का सवाल है, हमने हमेशा कहा है कि जो लोग सत्यापित हैं और वास्तव में भारत के नागरिक हैं - अगर वे अवैध रूप से अमेरिका में रहते हैं, तो भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है। लेकिन यह हमारे लिए यहीं तक सीमित नहीं है। ये सामान्य परिवारों के लोग हैं। उन्हें बड़े सपने दिखाए जाते हैं और उनमें से अधिकांश ऐसे होते हैं जिन्हें गुमराह करके यहां लाया जाता है। इसलिए, हमें मानव तस्करी की इस पूरी व्यवस्था पर हमला करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका और भारत को मिलकर इस तरह के पारिस्थितिकी तंत्र को जड़ से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए ताकि मानव तस्करी खत्म हो जाए। हमारी बड़ी लड़ाई उसपूरे पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ है और हमें विश्वास है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने में भारत का पूरा सहयोग करेंगे।वाइट हाउस में पीएम ने कहा,आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका एक साथ खड़े रहेंगे। हम इस बात पर सहमत हैं कि सीमा पार आतंकवाद के उन्मूलन के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। मैं राष्ट्रपति का आभारी हूं कि उन्होंने 2008 में भारत में नरसंहार करने वाले अपराधी तहव्वुर राणा को अब भारत के हवाले करने का निर्णय किया है। भारत की अदालतें उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगी।अमेरिकी राष्ट्रपति से जब पूछा गया,अगर आप भारत के साथ व्यापार पर सख्त रुख अपनाएंगे तो चीन से कैसे लड़ेंगे तो उन्होंने कहा, हम किसी को भी हराने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन हम किसी को हराने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, हम वाकई अच्छा काम करना चाहते हैं। हमने अमेरिकी लोगों के लिए शानदार काम किया है। हमारे चार साल बहुत अच्छे रहे और हमें एक भयानक प्रशासन ने बाधित किया, अब, हम इसे फिर से एक साथ ला रहे हैं। मुझे लगता है कि यह पहले की तुलना में बहुत मजबूत होने जा रहा है या पहले की तुलना में और भी ज्यादा मजबूत होने जा रहा है। बांग्लादेश मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा,इसमें डीप स्टेट की कोई भी भूमिका नहीं है,यह कुछ ऐसा है जिस पर पीएम मोदी लंबे समय से काम कर रहे हैं, मैं बांग्लादेश को पीएम पर छोड़ देता हूं। आगे कहा हम व्यापार के बारे में बात करने जा रहे हैं, हम कई चीजों के बारे में बात करने जा रहे हैं, लेकिन आपसे मिलना वास्तव में सम्मान की बात है, आप लंबे समय से मेरे मित्र हैं।शानदार काम करने के लिए बधाई।पीएम और मैं ऊर्जा पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर भी पहुंचे, जो यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका भारत को तेल और प्राकृतिक गैस का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बने, उम्मीद है कि नंबर 1आपूर्तिकर्ता बने। अमेरिकी परमाणु उद्योग के लिए अभूतपूर्व विकास में, भारत अमेरिकी परमाणु प्रौद्योगिकी का स्वागत करने के लिए कानूनों में सुधार भी कर रहा है,जो भारतीय बाजार में उच्चतम स्तर पर है।

साथियों बात अगर हम दोनों नेताओं की मुलाकात के कुछ घंटे पहले ट्रंप के एक पोस्ट या ट्वीट की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय पीएम से मुलाकात से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर एक रहस्यमयी पोस्ट किया, जिसने अटकलों को तेज कर दिया। उन्होंने लिखा, तीन महान हफ्ते, शायद अब तक के सबसे अच्छे,लेकिन आज सबसे बड़ा दिन है:पारस्परिक टैरिफ अमेरिका को फिर से महान बनाएं (पारस्परिक टैरिफ) नीति के तहत अमेरिका उन देशों पर उतना ही टैरिफ लगाएगा जितना वे अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाते हैं,इससे वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल मच सकती है और भारत समेत कई बड़े व्यापारिक साझेदार प्रभावित हो सकते हैं। ट्रंप ने पहले ही कहा था पारस्परिक होने का समय आ गया है। अगर वे हमसे शुल्क लेते हैं, तो हम उनसे शुल्क लेंगे, उनका यह बयान संकेत देता है कि अमेरिका जल्द ही उन देशों की सूची जारी करेगा जिन पर यह टैरिफ लागू होगा। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि भारत की टैरिफ नीतियां अमेरिकी व्यापार के लिए बाधा हैं, ट्रंप ने भारत को कई बार टैरिफ किंग कहा है, क्योंकि वे मानते हैं कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर अधिक टैक्स लगाता है। यदि अमेरिका भारत पर नया टैरिफ लगाता है, तो यह भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकता है। ट्रंप पहले ही कई देशों पर टैरिफ लगा चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही मैक्सिको और कनाडा से आयातित उत्पादों पर 25 पेसेंट टैरिफ और चीनसे आयातित उत्पादों पर 10 पेसेंट टैरिफ लगाया था, हालांकि, मैक्सिको और कनाडा के साथ 1 मार्च तक टैरिफ रोकने का निर्णय लिया गया, क्योंकि दोनों देशों ने अवैध आव्रजन और मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ा रुख अपनाने का आश्वासन दिया था। भारतीय पीएम राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने वाले चौथे विदेशी नेता हैं।

अतः अगर हम अपरूप पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दोस्ती इम्तिहान लेती है - मेक इन इंडिया बनाम अमेरिकी फर्स्ट तुलसी... मस्क..रामास्वामी के बाद, मोदी की ट्रंप से ऐतिहासिक मुलाकात।भारत अमेरिका के पौराणिक संबंधों और वर्तमान नेतृत्व की दोस्ती के दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलेंगे।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# बसंत पंचमी और वेलेंटाइन-डे



सुरेश रायकवार

**द**यारामजी और उनकी पत्नी को सुबह सुबह ही पीले वस्त्रों में देखा तो हमसे रहा ना गया और उनसे पूछ ही लिया-अरे दयारामजी आज ये वेलेंटाइन-डे के मौसम में लाल कपड़ों की जगह आप दोनों पीले कपड़े पहन कर कहां चले? किसी पार्टी का प्रचार करने निकले हैं क्या? दयारामजी उनके सीधेसाधे अंदाज में ही बोले-हम नहीं जानते ये बेलेनटेन-डेवे वगैरह, हमारे लिए तो बसंत पंचमी के दिन से बसंतोत्सव का प्रारम्भ होता है और इसीलिए पीले कपड़े पहनकर मां सरस्वती की पूजा करने मंदिर जा रहे है।

हम उन्हें फिर समझाने की कोशिश में बोले कि आजकल तो पूरे देश में चौदह फरवरी को हर वर्ष केवल प्रेम का संदेश देने वाला वेलेंटाइन-डे ही मनाया जाता है। यह दिन प्रेमी-प्रेमिका के लिए बड़ा ही विशेष दिन होता है। ऐसा माना जाता है कि यदि प्रेमिका को इस दिन गुलाब का फूल नहीं चढ़ाया गया तो वह अपने प्रेमी का प्रेम अस्वीकार कर सकती है, साथ ही यदि किसी ओर ने उसे वह लाल फूल दे दिया तो अपने पहले प्रेमी से ब्रेक-अप लेकर दूसरे प्रेमी का प्रेम-विनय भी स्वीकारकर सकती है। यह बिलकुल वैसा ही है जैसे आजकल राजनैतिक दलों के बीच चल रहा है जिस पार्टी ने प्रेम से फूल दिया उसी के साथ गठबंधन हो गया।

देश के बेरोजगार युवक युवतियों के पास नौकरी के आवेदन शुल्क की व्यवस्था भले ही ना हो किंतु वे इसदिन गुलाब खरीदने के लिए अपने बेरोजगारी भत्ते को जरूर बचा कर रखते हैं। कई बेरोजगार तो इस दिन एक पंथ दो काज कर लेते हैं, गुलाब के फूल बेचकर जहां कमाई कर लेते हैं, वहीं बचे हुए फूल अपनी प्रेमिका को चढ़ा देते है या भेंट कर देते हैं। एक राजनैतिक पार्टी ने तो बाकायदा मुहब्बत की दुकान ही खोल रखी है और उनके युवराज जनता को फूल बांट रहे हैं।

दयारामजी बोले-ही तो हो रहा है हमारे देश में कि हम अपनी ही समृद्ध संस्कृति को भूलकर विदेशी संस्कृति अपना रहे हैं। केवल एक दिन वेलेंटिन-डे मनाकर झूठ-मूठ का प्यार जताने से क्या होगा। अब इन युवाओं को कौन समझाए कि बसंत पंचमी से होली तक हमारे देश में बसंतोत्सव मनाने की परंपरा थी। इस समय शीतऋतु का ठंडा मौसम प्रायः समाप्त हो जाता है और बसंत ऋतु में मौसम बहुत सुहावना हो जाता है, इसीलिए इसे ऋतुराज भी कहते हैं। राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

यही समय फसलों के पकने का समय भी होता है, देश में कहीं सरसों में पीले-पीले फूल तो कहीं गेहूं की पकी बालियो की सुनहरी चादर ओढ़े खेत, कहीं पलाश और गुलमोहर की लालिमा के दृश्य मन को हर्षित करते है। बसंत पंचमी को नवीन ऋतु के आगमन का दिन भी माना जाता है। उनकी बात सुनकर मैंने उनसे कहा-नवीन ऋतु याने देश में नए चुनाव का मौसम! मेरी बात सुनकर वे मुस्कुराए और मंदिर की ओर बढ़ गए।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में मौजूद रहेंगे अमित शाह



**नैनीताल।** उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के शुक्रवार को होने वाले समापन समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हल्द्वानी के गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर शुक्रवार को होने वाले समापन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्य भी मौजूद रहीं। श्री धामी ने जिले के आयुक्त दीपक रावत और खेल विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत 28 जनवरी को देहरादून में राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था।

### पाकिस्तान के तीन खिलाड़ियों पर लगा जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर कराची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कराची में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज इन तीनों पाकिस्तानी खिलाड़ियों को आईसीसी आचार संहिता के लेवल वन के उल्लंघन का दोषी पाया है। शाहीन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत तथा सऊद और कामरान पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शाहीन को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन तथा सऊद और कामरान को संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 28वें ओवर में उस समय हुई जब शाहीन जानबूझकर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके के रास्ते में आ गए, जब वह एक रन के लिए दौड़ रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क हुआ और जिसके परिणामस्वरूप बहस भी हुई। इसके अलावा, तीनों खिलाड़ियों के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिनमें से किसी ने भी 24 महीने की अवधि में कोई पिछला अपराध नहीं किया था।

महिला प्रीमियर लीग 2025 की शुरूआत आज से

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच होगी भिड़ंत

एजेंसी ■ नई दिल्ली

महिला प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 14 फरवरी से होने वाली हैं। पांच टीमें एक बार फिर खिताब जीतने के लिए दम दिखाएंगी। डब्ल्यूपीएल में पहला मैच 14 फरवरी शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात जायंट्स टीम का मैच वडोदरा में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पिछला सीजन जीता था। इस बार टूर्नामेंट के सभी 22 मुकाबले चार शहरों में खेले जाएंगे। सभी मैच शाम 7.30 बजे शुरू होंगे। कोई भी दिन डबल हेडल का दिन नहीं होगा। ये मैच वडोदरा, बेंगलुरु, लखनऊ और मुंबई में खेले जाएंगे। लखनऊ को नए स्थल के रूप में शामिल किया गया है, ताकि ज्यादा दर्शकों को जोड़ा जा सके। महिला प्रीमियर लीग का फॉर्मेट भी पिछले साल जैसा ही है। लीग राउंड के सभी मैचों के बाद टेबल में ग्रुप स्टेज के आखिर में टॉप पर रहने वाली टीम सीधा फाइनल में जगह हासिल करेगी। दूसरे और तीसरे पायदान पर रहने वाली टीमें फाइनल के लिए एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी।



**टूर्नामेंट के सभी 22 मुकाबले चार शहरों में खेले जाएंगे**

### पूजा और आशा डब्ल्यूपीएल से बाहर





मुंबई इंडियंस (एमआई) की तेज गेंदबाज ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकार और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लेग स्पिनर आशा शोभना चोट के कारण वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 से बाहर हो गई हैं। मलेशिया में अंडर-19 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रही परुनिका सिसोदिया और रेलवे की विकेटकीपर-बल्लेबाज नुजहत परवीन को क्रमशः एमआई और आरसीबी ने अपनी-अपनी टीमों शामिल किया है। एमआई के मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने प्री-सीजन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूजा वस्त्रकार के रिक्त स्थान को भरना एक चुनौती है। बाएं हाथ की स्पिनर सिसोदिया वस्त्रकार की जगह नहीं ले सकतीं, लेकिन उनका हालिया प्रदर्शन मुंबई के लिए उत्साहजनक है।

### डब्ल्यूपीएल 2025 की टीमें

**गुजरात टाइटंस-** एश्ले गार्डनर, हरलीन देओल, प्रकाशिका नाइक, बेथ मूनी, काशवी गौतम, प्रिया मिश्रा, भारती फुलमाली, लौरा वोल्वाईट, सयाली सच्चर, डेनिएल गिब्सन, मन्नत कश्यप, शबनम शकील, डायलन हेमलता, मेघना सिंह, सिमरन शेख, डिएंड्रा डॉटिन, फोएबे लिचफील्ड, तनुजा कंवर

**दिल्ली कैपिटल्स-** एलिस कैप्सी, मेग लैनिंग, सारा ब्राइस, एनाबेल सदरलैंड, मिन्नू मणि, शेफाली वर्मा, अरुंधति रेड्डी, एन चरानी, ??शिखा पांडे, जेमिमा रोड्रिग्स, नंदिनी कश्यप, स्नेहा दीप्ति, जेस जोनासेन, निकी प्रसाद, तानिया भाटिया, मार्चिज़ैन कप्प, राधा यादव, तितास साधु

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** आशा शोभना जॉय, जोशिता वीजे, ऋचा घोष, डैनी व्याट, कनिका आहूजा, सब्बीनेनी मेघना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, श्रेयंका पाटिल, एलिसे पेरी, प्रेमा रावत, स्मृति मंधाना, जॉर्जिया वेयरहैम, राघवी बिस्ट, सोफी डिवाइन, जगरावी पवार, रेणुका सिंह, सोफी मोलिनक्स।

**यूपी वारियर्स-** अलाना किंग, गौहर सुल्ताना, साइमा ठाकोर, एलिसा हीली, ग्रेस हैरिस, श्वेता सहरावत, अंजलि सरवानी, किरण नवगिरे, सोफी एक्लेस्टोन, अरुशी गोयल, क्रांति गौड़, ताहलिया मैक्ग्रा, चमारी अट्टापट्टू, पूनम खेमनार, उमा छेत्री, दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवाड़, वृंदा दिनेश

**मुंबई इंडियंस-** अक्षिता माहेश्वरी, हरमनप्रीत कौर, पूजा वस्त्राकर, अमनदीप कौर, हेले मैथ्यूज, सैका इशाक, अमनजोत कौर, जिन्तिमनी कलिता, सजीवन सजना, अमेलिया केर, कीर्तन बालाकृष्णन, संस्कृति गुप्ता, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लर्क, शबनिम इस्माइल, जी कमलिनी, नताली साइवर-ब्रंट, यास्तिका भाटिया।

### महिला प्रीमियर लीग का शेड्यूल

| | | |
|---|---|---|
| 14 फरवरी | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात जायंट्स | वडोदरा |
| 15 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस | वडोदरा |
| 16 फरवरी | गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स | वडोदरा |
| 17 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | वडोदरा |
| 18 फरवरी | गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस | वडोदरा |
| 19 फरवरी | यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स | वडोदरा |
| 21 फरवरी | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम मुंबई इंडियंस | बेंगलुरु |
| 22 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स बनाम यूपी वॉरियर्स | बेंगलुरु |
| 24 फरवरी | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम यूपी वॉरियर्स | बेंगलुरु |
| 25 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात जायंट्स | बेंगलुरु |
| 26 फरवरी | मुंबई इंडियंस बनाम यूपी वॉरियर्स | बेंगलुरु |
| 27 फरवरी | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात जायंट्स | बेंगलुरु |
| 28 फरवरी | दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस | बेंगलुरु |
| 1 मार्च | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स | बेंगलुरु |
| 3 मार्च | यूपी वारियर्स बनाम गुजरात जायंट्स | लखनऊ |
| 6 मार्च | यूपी वारियर्स बनाम मुंबई इंडियंस | लखनऊ |
| 7 मार्च | गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स | लखनऊ |
| 8 मार्च | यूपी वारियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | लखनऊ |
| 10 मार्च | मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात जायंट्स | मुंबई |
| 11 मार्च | मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | मुंबई |
| 13 मार्च | एलिमिनेटर | मुंबई |
| 15 मार्च | फाइनल | |


## हम चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सक्षम-शांतो



**दुबई।** बंगलादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि उनकी टीम चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीतने में सक्षम है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हुसैन ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को चेतावनी के लहजे में कहा है कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब जीतने की सोच के साथ मैदान में उतरेंगी। शांतो का मानना है कि बंगलादेश की टीम का विश्वास बढ़ रहा है और उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में सबको चौंका सकती है। शांतो ने कहा, हम चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में सभी आठ टीमें चैंपियन बनने की हकदार हैं। वे सभी बेहतरीन टीमें हैं। मेरा मानना है कि हमारी टीम में भी यह क्षमता है।उन्होंने कहा, हर कोई वास्तव में (चैंपियन बनना) चाहता है और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है। हमें नहीं पता कि ऊपर वाले ने हमारे भाग्य में क्या लिखा है। हम कड़ी मेहनत कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मुझे भरोसा है कि हम अपना लक्ष्य हासिल कर सकते

## मर्सिडेस डर्बी एवर्टन और लिवरपूल के बीच अंतिम मैच ड्रा



**दुबई।** गुडिसन पार्क में मर्सिडेस डर्बी एवर्टन और लिवरपूल के बीच अंतिम फुटबाल मैच 2-2 से नाटकीय ड्रॉ पर समाप्त हुआ। जिसमें जेम्स टार्कोवस्की ने अंतिम क्षणों में किए बराबरी के गोल की मदद से जीत हासिल हुई।

प्रीमियर लीग 2024-25 सीजन का मैच तनाव और भावना से भरपूर था, जिसमें अंतिम सीटी बजने के बाद तीन रेड कार्ड दिखाए गए। इसके बावजूद लिवरपूल तालिका में शीर्ष पर सात अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मैच के बाद की अफरा-तफरी में तीन खिलाड़ियों को रेड कार्ड दिए गए। टार्कोव्स्की के बराबरी के गोल के बाद हुई हाथापाई में शामिल होने के कारण अब्दुलाये डौकोरे और कर्टिस जोन्स को मैदान से बाहर भेज दिया गया। रेफरी माइकल ओलिवर के प्रति शिकायत करने के कारण आर्ने स्लॉट को भी लाल कार्ड मिला।

## इंदौर के रजत बने आरसीबी के कप्तान

एजेंसी ■ नई दिल्ली



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए इंदौर (मध्यप्रदेश) के युवा क्रिकेटर रजत पाटीदार (31) को आरसीबी ने अपना कप्तान बनाया है। रजत को आईपीएल-2025 के लिए आरसीबी ने 11 करोड़ रुपए में खरीदा है। रजत 2021 से आरसीबी के साथ हैं। रजत सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के 2024-25 सीजन में मध्यप्रदेश के कप्तान रहे हैं।

आरसीबी ने गुरुवार को आयोजित एक समारोह में रजत पाटीदार को टीम का कप्तान नियुक्त किये जाने की घोषणा की। इस दौरान टीम के निदेशक मो बोबट, मुख्य कोच एंडी फ्लावर और रजत पाटीदार मौजूद रहे। रजत ने 2021 में फ्रैंचाइजी में शामिल होने के बाद से तीन सत्रों के 28 मैचों में 158.85 की स्ट्राइक रेट से 799 रन बनाए हैं। आरसीबी ने नवंबर में हुई मेगा नीलामी से पहले रजत को रिटेन किया था। वह पहली बार आईपीएल में कप्तानी करेंगे।

घरेलू स्तर पर उन्होंने 20 ओवर की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी के 2024-25 सत्र में मध्य प्रदेश टीम की कप्तानी की है।

## राष्ट्रीय खेल : पूजा जाट ने रजत एवं ओरेंगजेब ने कांस्य पदक जीता

■ इंदौर



राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में मध्यप्रदेश ने 2 पदक और जीते। एक रजत और एक कांस्य पदक केसाथ मप्र की चुनौती समाप्त हुई। प्रदेश की पूजा जाट फाइनल में पहुंची, पर उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

मप्र कुश्ती संघ के विक्रम अवार्डी ओमपकाश ने बताया कि, राष्ट्रीय खेलो में मध्यप्रदेश कुश्ती टीम ने एक 1 रजत व एक कांस्य पदक और जीता। ओलम्पिन पप्पू यादव ने बताया कि मप्र की 53 किग्रा भार में खेलते हुए अंतरराष्ट्रीय पहलवान पूजा जाट अंतिम छणों में महाराष्ट्र की स्वाति से मामूली अंतर से हार गई। उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा।

77 किग्रा में ओरेंगजेब ने कांस्य पदक जीता व मप्र की कु श्ती में 3 पदकों पर ही आगे की चुनौती समाप्त हो गई। पप्पू यादव ने कहा, नेशनल गेम्स में देश के सभी अंतरराष्ट्रीय और पदकधारी खिलाड़ी खेलते हैं, जिससे मुकाबले कड़े होते हैं। व पदक जीतना बहुत ही मुश्किल होता है।

एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप

## दक्षिण कोरिया ने भारत को हराया

एजेंसी ■ किंगदाओ (चीन)



बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 में भारत को ग्रुप डी के दूसरे मैच में गुरुवार को दक्षिण कोरिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। हार के बावजूद भारतीय बैडमिंटन टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान रहते हुए टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं।

आज यहां खेले गए मुकाबले में पेरिस 2024 ओलंपियन तनीषा क्रास्टो ने ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी को पहले मैच में जू डोंग की और इयुन ना जियोंग से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद मालविका बंसोड़ को जिन यू सिम से सीधे गेम में हार मिली और इसी के साथ दक्षिण कोरिया ने 2-0 से बढ़त हासिल कर ली। सतीश करुणाकरण ने जियोनीओप चो पर जीत दर्ज कर मुकाबले में वापसी की। गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने पहले गेम में हार का सामना करने के बाद वापसी करते हुए जी मिन किम और जंग यू किम को 19-21, 21-16, 21-11 से हराया और मुकाबले को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद भारत को अब जीत दिलाने की जिम्मेदारी एमआर अर्जुन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी पर थी। दक्षिण कोरियाई जोड़ी भारतीय खिलाड़ियों पर शुरुआत से ही हावी रही। दूसरे गेम में अर्जुन और सात्विक की वापसी के लिए किए गए कई प्रयास किए। इसके बाद योंग जिन और सेउंग सुंग ने जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया।


**कारोबार** एसबीआई समेत 14 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से लगातार सातवें दिन गिरा बाजार

## सेंसेक्स 32 अंक फिसलकर 76138 पर बंद, निफ्टी 14 अंक लुढ़का

एजेंसी ■ मुंबई

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर अडानी पोर्ट्स, इंफ़ोसिस, टीसीएस और एसबीआई समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार सातवें दिन गिरावट पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 32.11 अंक उतरकर 76,138.97 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 13.85 अंक फिसलकर 23,031.40 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.07 प्रतिशत बढ़कर 40,788.11 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत गिरकर 46,933.69 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2089 में गिरावट जबकि 1858 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में बिकवाली जबकि 23 में लिवाली हुई।

बीएसई के 11 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.06, ऊर्जा 0.30, एफएमसीजी 0.66, इंडस्ट्रियल्स 0.16, आईटी 0.93, ऑटो 0.33, बैंकिंग 0.12, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.44, तेल एवं गैस 0.34, टेक 0.64 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, हेल्थकेयर 0.50, दूरसंचार 0.25, धातु 1.26 और रियल्टी समूह के शेयर 0.72 प्रतिशत चढ़ गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा।



■ इसी तरह निफ्टी 11 अंक की बढ़त के साथ 23,055.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,235.50 अंक के उच्चतम जबकि 22,992.20 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,045.25 अंक की तुलना में 0.06 प्रतिशत फिसलकर 23,031.40 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में अडानी पोर्ट्स 1.77, इंफ़ोसिस 1.10, टीसीएस 1.04, एसबीआई 0.81, नेस्ले इंडिया 0.71, टाइटन 0.71, एचसीएल टेक 0.68, एलटी 0.63, एचडीएफ़सी बैंक 0.54, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.34, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.26, आईसीआईसीआई बैंक 0.24, मारुति 0.02 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, सन फार्मा 3.12, टाटा स्टील 2.99, बजाज फिन सर्व 2.97, बजाज फाइनेंस 2.27, कोटक बैंक 1.46, जोमैटो 1.42, इंडसइंड बैंक 0.98, पावरग्रिड 0.70, अल्ट्रासिमको 0.37, एशियन पेंट 0.35, एनटीपीसी 0.23, भारती एयरटेल 0.13, एक्सिस बैंक 0.13, आईटीसी 0.07, टेक महिंद्रा 0.05 और रिलायंस के शेयर 0.04 प्रतिशत लाभ में रहे।

इस दौरान जर्मनी का डैक्स 1.22 और जापान का निक्केई 1.28 प्रतिशत मजबूत रहा वहीं ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.81, हांगकांग का हैंगसेंग 0.20 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.42 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 30 अंक बढ़कर 76,201.10 अंक पर खुला मजबूत लिवाली की बदौलत दोपहर तक 76,764.53 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।वहीं, इसके बाद हुई भारी बिकवाली से कारोबार के अंतिम चरण में यह 76,013.43 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 76,171.08 अंक के मुकाबले 0.04 प्रतिशत टूटकर 76,138.97 अंक पर बंद हुआ।

## राशिफल



**शुभांक-4,6,8**




**मेष** — वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। किसी प्रभावशाली वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।



**कर्क** — धनहानि की आशंका बनती है। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त होगा, धैर्य रखें। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्?य की चिंता रहेगी। दौड़धूप होगी। विवाद से क्लेश होगा। किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।



**तुला** — रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है।



**मकर** — आंखों को चोट व रोग से बचाएं। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। किसी व्यक्ति के व्यवहार से लगेगा कि अपमान हुआ है। नई योजना बनेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन पर विचार हो सकता है। व्यापार ठीक चलेगा।



**वृष** — प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे। दुष्टजनों से सावधान रहें। हानि पहुंचा सकते हैं।



**सिंह** — प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।



**वृश्चिक** — कुसंगति से बचें। धनहानि हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। व्यापार ठीक चलेगा।



**कुंभ** — चिंता तथा तनाव रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। भाइयों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी।



**मिथुन** — पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।



**कन्या** — बुरे लोगों की पहचान जरूरी है। उनसे दूर रहें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक मित्र व संबंधी अतिथियों के रूप में घर आ सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबार ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।



**धनु** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेवजह चिड़चिड़ापन रह सकता है। धनागम होगा। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा।



**मीन** — आशंका-कुशंका के चलते कोई बड़ी गलती हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। नकारात्मकता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### प्रो लीग का प्रत्येक मैच जीतना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्य: हरमनप्रीत

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरूआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा।

हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK